3 | राजधानी
प्रदूषण फैलाने वालों पर सरकार की सख्त नजर

6 | प्रादेशिकी
13 किग्रा सोने के बिस्कुट के साथ तस्कर गिरफ्तार

11 | राष्ट्रीय
लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

12 | स्पोर्ट्स
श्रीलंका के कप्तान विश्व कप से बाहर

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 337
नई दिल्ली, रविवार, 15 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अलकायदा से भी बदतर है हमास
विदेश-10

# भारत ने पाकिस्तान को ध्वस्त किया

● कप्तान रोहित शर्मा और गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका पड़ोसी देश, विश्वकप में भारत से लगातार 8वीं बार हारा

**भाषा**। अहमदाबाद



अहमदाबाद में शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ भारत के शानदार प्रदर्शन पर तिरंगा लहराते प्रशंसक।

**नीले** समंदर में डूबे नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रोहित शर्मा का बल्ला कुछ ऐसा चला कि पाकिस्तानी आक्रमण की धार कुंद हो गई और इस चर्चित मुकाबले में भारत ने शनिवार को सात विकेट से एकतरफा जीत दर्ज करके चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ विश्व कप में जीत का रिकॉर्ड 8-0 कर लिया। महीनों पहले से जिस मैच के चर्चे थे उसमे ना तो शाहीन शाह अफरीदी को स्विंग मिली और ना ही बाबर आजम का बल्ला चला। इस महा मुकाबले में बल्ला भी मेजबान टीम का चला और गेंदबाज भी। गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 42.5 ओवर में 191 रन पर ढेर कर दिया और जवाब में बल्लेबाजों ने 30.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। विश्व कप में 1992 के बाद से भारत की पाकिस्तान पर यह लगातार आठवीं जीत है। नवरात्र की तैयारी में जुटे शहर को भारत की जीत ने एक दिन पहले ही उत्सवमय कर दिया और मैदान पर भारी तादाद में जुटे दर्शकों के उल्लास ने इसकी बानगी दी कि जीत का जश्न स्टेडियम में थमने वाला नहीं है। वहीं टीवी के आगे नजरें गड़ाए बैठे देश के कोने कोने में क्रिकेटप्रेमियों के लिए त्योहार की शुरुआत आज ही से हो गई।

इस जीत के साथ भारत अंकतालिका में भी रनरेट में न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीन मैचों में छह अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। वहीं पाकिस्तान टूर्नामेंट में पहली हार के बाद चौथे स्थान पर है। भारत की जीत के सूत्रधार रहे जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाज और कप्तान रोहित शर्मा। गेंदबाजों ने वनडे विश्व कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान को दूसरे न्यूनतम स्कोर पर आउट किया। इससे पहले 1999 में पाकिस्तानी टीम 180 रन पर आउट हो गई थी। अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में रिकॉर्डतोड़ शतक के बाद लगातार दूसरे शतक की ओर बढ रहे रोहित 22वें ओवर में 86 रन बनाकर अफरीदी की गेंद पर इफ्तिखार को कैच देकर पवेलियन लौट गए लेकिन तब तक मैच पाकिस्तान की जद से निकल ही चुका था। रोहित ने 63 गेंद में छह चौकों और छह छक्कों की मदद से 86 रन बनाए। उनके जाने के बाद श्रेयस अय्यर (नाबाद 53) और केएल राहुल (नाबाद 19) ने जीत की औपचारिकता पूरी की।


डेंगू से उबरकर लौटे शुभमन गिल (16) और विराट कोहली (16) सस्ते मे आउट हो गए थे। इससे पहले भारत के लिए नई गेंद संभालने वाले सिराज और बुमराह ने अपनी लैंग्थ में बदलाव करके सीम का पूरा फायदा उठाते हुए पाकिस्तान के मध्यक्रम को निस्तेज कर दिया। कुलदीप यादव ने सऊद शकील (छह) और इफ्तिखार अहमद (चार) को लगातार आउट करके पाकिस्तान की परेशानियां और बढा दी। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी के रोहित के फैसले पर कई भृकुटियां तनी होगी लेकिन भारत ने शुरू ही से मैच पर दबाव बनाए रखा। पाकिस्तान के लिए कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने तीसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े लेकिन उनके अलावा कोई साझेदारी नहीं बना सका। बाबर ने 58 गेंद में 50 और रिजवान ने 69 गेंद में 49 रन बनाए। सिराज ने पाकिस्तानी कप्तान को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। बाबर के आउट होते ही पूरा नरेंद्र मोदी स्टेडियम उल्लास से मानों उछल पड़ा। एक लाख दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से आसमान गुंजायमान हो गया। रिजवान को बुमराह ने आफ कटर पर आउट किया। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाजों अब्दुल्ला शफीक (20) और इमामुल हक (36) ने अच्छी शुरूआत की। सिराज ने शफीक को पगबाधा आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। तीसरे गेंदबाज के रूप में आए हार्दिक पंड्या को कुछ चौके लगे लेकिन उन्होने इमाम को पवेलियन भेजा। बाबर और रिजवान के क्रीज पर रहने तक पाकिस्तान की स्थिति मजबूत लग रही थी लेकिन एक विकेट ने जज्बात और हालात दोनों बदल दिए।

## शानदार जीत: मोदी

**भाषा**। मुंबई

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने एकदिवसीय विश्व कप में शनिवार को पाकिस्तान पर भारत की एकतरफा जीत को ऐतिहासिक करार देते हुए टीम को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने मुंबई में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 141वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा, अब से कुछ मिनट पहले ही भारत ने अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बहुत ही शानदार जीत दर्ज की है। मैं टीम भारत, सभी भारतवासियों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई देता हूं। उन्होंने इससे पहले एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर टीम को बधाई देने के साथ भविष्य के मैचों के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने ने लिखा, भारतीय टीम का दबदबा रहा। हर विभाग में उत्कृष्टता के दम पर आज अहमदाबाद में एक शानदार जीत। टीम को बधाई और आगे के मैचों के लिए शुभकामनाएं।

## नवरात्र आज से
## प्रथम शैलपुत्री



**वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।**
**वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम॥**

**मां** दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के वहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इन देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। यही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

# श्रीलंका के साथ रिश्तों की नई इबारत लिखी

● भारत ने चार दशक बाद श्रीलंका के साथ नौका सेवा बहाल की, प्रधानमंत्री मोदी ने संबंधों में नया अध्याय बताया

**पायनियर समाचार सेवा**। नई दिल्ली




नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और श्रीलंका के बीच नौका सेवा बहाल करने के मौके पर आयोजित समारोह को वर्चुअली संबोधित किया

**चार** दशकों के अंतराल के बाद भारत और श्रीलंका के बीच नौका सेवा की बहाली को दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में एक 'महत्वपूर्ण मील का पत्थर' बताते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दोनों देश राजनयिक और आर्थिक संबंधों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।

भारत में नागपट्टिनम और श्रीलंका में जाफना के पास कांकेसंथुराई के बीच नौका सेवा शुरू करने के कार्यक्रम को एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा कि नौका सेवा सभी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को जीवंत बनाती है। उन्होंने कहा कि कनेक्टिविटी केवल दो शहरों को करीब लाने के बारे में नहीं है। यह हमारे देशों को करीब, हमारे लोगों को करीब और हमारे दिलों को भी करीब लाती है। चार दशक पहले श्रीलंकाई गृहयुद्ध के कारण नौका सेवा बाधित हो गई थी।

शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित हाई-स्पीड फेरी की क्षमता 150 यात्रियों की है। समुद्री परिस्थितियों के आधार पर नागपट्टिनम और कांकेसंथुराई के बीच लगभग 60 समुद्री मील (110 किमी) की दूरी लगभग साढ़े तीन घंटे में तय की जाएगी। श्रीलंका में गृह युद्ध के कारण अवरुद्ध होने के 40 साल बाद भारत और द्वीपीय राष्ट्र के बीच शनिवार को नौका सेवा बहाल हुई। नौका सेवाओं की बहाली का स्वागत करते हुए श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि इससे दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी, व्यापार और सांस्कृतिक संपर्क में सुधार लाने में मदद मिलेगी।

तमिलनाडु के नागपत्तिनम और श्रीलंका के उत्तरी प्रांत में जाफना के पास कांकेसंथुराई के बीच नौका सेवा का उद्देश्य दोनों पड़ोसियों के बीच प्राचीन समुद्री संपर्क को पुनर्जीवित करना है। उच्च गति वाली इस नौका सेवा का संचालन शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया कर रहा है और इसकी क्षमता 150 यात्रियों की है। अधिकारियों के अनुसार, नागपत्तिनम और कांकेसंथुराई के बीच लगभग 60 समुद्री मील (110 किलोमीटर) की दूरी समुद्र की स्थिति के आधार पर करीब साढ़े तीन घंटे में तय होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच नौका सेवा से दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी, व्यापार को गति मिलेगी और लंबे समय से कायम रिश्ते मजबूत होंगे। वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ( शेष पेज 9 )



विश्व कप क्रिकेट

- **आज**: इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमें होंगी आमने-सामने
- **समय** : दोपहर दो बजे से

# इजराइल के खिलाफ एसडीपीआई की रैली उल्टी पड़ी

**कुमार चेलप्पन**। कोच्चि

● माकपा नेताओं ने केंद्र से इस तरह की रैलियां आयोजित करने के लिए एसडीपीआई पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

**प्रतिबंधित** पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के प्रमुख संगठन सोशलिस्ट डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार रात को राज्य भर में किए गए प्रदर्शनों और सार्वजनिक रैलियों के बाद केरल में भय की भावना व्याप्त हो गई है। हजारों एसडीपीआई कार्यकर्ताओं ने मशाल रैली में में केंद्र सरकार और भारत के खिलाफ उत्तेजक नारे लगाए और हमास के साथ एकजुटता व्यक्त की, जिसे रैलीकर्ताओं ने शांति दूत बताया।

एक प्रमुख माकपा नेता ने कहा कि अब समय आ गया है कि केंद्र एसडीपीआई पर भी प्रतिबंध लगाए क्योंकि यह पहली बार नहीं है कि वे ऐसी रैलियां आयोजित कर रहे हैं और मानवता के खिलाफ उत्तेजक नारे लगा रहे हैं।' माकपा नेतृत्व हमास के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करके और इजराइली हमले को आतंकवादी कृत्य करार देकर सार्वजनिक हो गया है। मार्क्सवादियों ने 2004 के लोकसभा चुनावों में इजराइली सेना द्वारा मारे गए हमास प्रमुख अहमद यासीन की तस्वीरें दिखाकर केरल में जीत हासिल की थी। लेकिन शनिवार सुबह क्रिश्चियन एसोसिएशन और एलायंस फॉर सोशल एक्शन (सीएएसए) नाम का एक संगठन सामने आया और इज़राइल में काम करने वाले केरलवासियों से इस जरूरत के वक्त यहूदी राष्ट्र नहीं छोड़ने की मार्मिक अपील की। सीएएसए के अध्यक्ष केविन पीटर ने इज़राइल में काम कर रहे केरलवासियों को याद दिलाया कि उम्मीदों से भरे देश को इस वक्त उनकी सेवाओं की बहुत आवश्यकता है और उन्हें अभी वह देश नहीं छोड़ना चाहिए। केविन पीटर ने भावुक निवेदन में कहा कि इज़राइल को बाहरी ताकतों से मुश्किल हालात का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है जबकि हजारों घायल लोगों को चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है।

आपमें से जो लोग दूरसंचार, परिवहन, स्वास्थ्य देखभाल और घरेलू नर्सों जैसे क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, उन्हें उस देश में रहकर और अपने काम पर ध्यान केंद्रित करके इज़राइल के प्रति अपना प्यार और स्नेह दिखाना चाहिए। इज़राइल को आपकी और आपकी सेवा की ज़रूरत है। इज़राइल में नर्सिंग और होम नर्सिंग जैसी नौकरियों के लिए भर्ती एजेंट 20 से 30 लाख रुपये के बीच शुल्क लेते हैं। अधिकांश नौकरी चाहने वालों ने एजेंटों को भुगतान करने के लिए अपनी संपत्ति गिरवी रख दी है। यदि वे घर लौटने का विकल्प चुनते हैं तो उन्हें कर्ज के जाल और अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ेगा। पूरे केरल में खासकर ईसाई समुदाय के बीच इजराइल ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा करेंगे शीर्ष सैन्य कमांडर

**नई दिल्ली**। सेना के शीर्ष कमांडर सोमवार से शुरू होने वाले पांच दिवसीय सम्मेलन के दौरान चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की लड़ाकू क्षमता को बढ़ाने के तरीकों की व्यापक समीक्षा करेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में होने वाले कमांडरों के सम्मेलन में चल रही सुधार प्रक्रिया सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 18 अक्टूबर को सम्मेलन को संबोधित करने वाले हैं। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी उन लोगों में शामिल है, जो यहां पर सेना कमांडरों को संबोधित करेंगे।







भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान दिल्ली में वालों में खूब जोश देखने को मिला। इंडिया की प्रचंड जीत के बाद लोगों का उत्साह देखने को बनता था। बायें फोटो में इंडिया गेट पर तिरंगा लेकर एक परिवार जश्न मनाता हुआ वहीं दायें फोटो में पटाखे जलाता प्रशंसक।

# प्रदूषण फैलाने वालों पर सरकार की सख्त नजर

## गोपाल राय ने कहा, नियमों के उल्लंघन पर 21 निर्माण साइट्स को नोटिस और 8.35 लाख का जुर्माना



गोपाल राय

- धूल प्रदूषण रोकने को 1108 साइट्स का टीमों ने किया निरीक्षण



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पूरी तरह से गंभीर दिल्ली सरकार है। इसी के मद्देनजर धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी डस्ट कैंपेन चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत तैनात टीमों ने अभी तक 1108 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया है।

इसमें निर्माण स्थलों पर जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर 21 निर्माण स्थलों को नोटिस जारी की गई है और 8.35 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण को लेकर सरकार किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी।

उन्होंने बताया कि राजधानी में सरकार 7 अक्टूबर से एंटी डस्ट कैम्पेन चला रही है जो आगामी 7 नवम्बर तक चलेगा। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एंटी डस्ट कैंपेन को लेकर पर्यावरण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि टीम से रोजाना रिपोर्ट लें।

पर्यावरण मंत्री ने बताया कि 13 विभागों को शामिल किया गया है। जिनमें डीडीए, एमसीडी, डीपीसीसी, जल बोर्ड, डीएसआईआईडीसी, डीसीबी, दिल्ली मेट्रो, पीडब्ल्यूडी, राजस्व, सीपीडब्लूडी, एनडीएमसी समेत अन्य विभागों की 591 टीमें तैनात की गयी है। ये टीमें राजधानी के विभिन्न स्थानों पर चल रहे निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर रही हैं और मानदंडों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जा रही हैं। सभी टीमों को लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि टीमों का लगातार निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 29 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की थी।

पर्यावरण विभाग ने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पाई है। सरकार प्रदूषण को कम करने के लिए कई अभियान चला रही है, जिसमे एंटी डस्ट अभियान, बायो डीकम्पोजर का छिड़काव, मोबाइल एंटी स्मॉग गन से पानी का छिड़काव आदि प्रमुख है।

मंत्री गोपाल राय ने बताया कि टीम लगातार निर्माण साइट्स का दौरा कर रही है। यह टीम यह सुनिश्चित करेगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशा निर्देशों का पालन हो। निर्माण साइट्स पर 14 सूत्रीय नियमों को लागू करना जरूरी है। यह अभियान 7 नवंबर तक चलेगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करेगा, उस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम के उल्लंघन होने पर एनजीटी की गाइड लाइन के मुताबिक जुर्माना लगाया जाएगा। अगर ज्यादा उल्लंघन होगा तो कंस्ट्रक्शन साइट को बंद कर दिया जाएगा।

अभी तक 1108 निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया जा चुका है। कुछ निर्माण स्थलों पर दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन नहीं किया जाने कारण कुल 21 नोउिटस जारी किए गए हैं तथा 8.35 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया है। गोपाल राय ने दिल्ली के लोगों से अपील किया कि कहीं भी अगर उनको निर्माण/विध्वंस कार्य में अनियमितता दिखे तो वे ग्रीन दिल्ली ऐप पर इसकी शिकायत करें।

गोपाल राय ने बताया कि टीम लगातार निर्माण साइट्स का दौरा कर रही है। यह टीम यह सुनिश्चित करेगी कि वहां निर्माण संबंधी दिशा निर्देशों का पालन हो। उन्होंने कहा कि जो भी साइट्स डस्ट कंट्रोल के नियम का पालन नहीं करेगा, उस पर कानून के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। कंस्ट्रक्शन साइटों पर नियम के उल्लंघन होने पर एनजीटी की गाइड लाइन के मुताबिक जुर्माना लगाया जाएगा।

अगर ज्यादा उल्लंघन होगा तो कंस्ट्रक्शन साइट पर कार्रवाई करते हुए बंद कर दिया जाएगा।

### राय ने बिना पराली वाले खेत में कराया छिड़काव : भाजपा

- विनोद सहरावत ने कहा, केजरीवाल सरकार राजनीतिक प्रोपेगेंडा के लिए करती है छिड़काव इवेंट

दिल्ली भाजपा के किसान मोर्चा के अध्यक्ष विनोद सहरावत ने कहा कि शुक्रवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने तिगीपुर गांव में बायो डिकमपोसर छिड़काव कराया जहां पराली ही नहीं थी। विनोद सहरावत ने कहा, केजरीवाल सरकार राजनीतिक प्रोपेगेंडा के लिए छिड़काव इवेंट करती है। विनोद सहरावत ने शनिवार को तिगीपुर गांव के उसी गांव में जा कर फेसबुक लाइव प्रसारण किया और दिखाया की जिस खेत में कल मंत्री गोपाल राय ने बायो डिकमपोसर छिड़काव किया वह पराली मुक्त खेत है जिसमे कभी धान उगाया ही नही गया था, वहाँ तो सब्जियों की फसल ली जा रही थी। विनोद सहरावत ने कहा है की सत्य यह है की उत्तर पश्चिम दिल्ली का किसान अधुनिक कृषि पद्धति से काम करता है और वह तो मशीनों से खेत की सफाई करवा कर पराली को लगभग 20000 रूपये प्रति एकड़ के हिसाब से डेयरी वालों को बेचते है। ऐसे मे केजरीवाल सरकार केवल राजनीतिक प्रोपेगेंडा के लियें छिड़काव ईवेंट करती है। दिल्ली का किसान कोई खेत नहीं जलाता।

## एलजी ने पराली जलाने के बढ़ते मामलों पर जताई चिंता

- हरियाणा, पंजाब के मुख्यमंत्रियों को इस संबंध में उपचारात्मक उपाय करने को कहा


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पंजाब और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर उनके राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि पर चिंता जताई और उनसे राष्ट्रीय राजधानी को सर्दियों के मौसम में बढ़ते वायु प्रदूषण से बचाने के लिए उपचारात्मक उपाय करने के लिए कहा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को लिखे पत्र में सक्सेना ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि 15 सितंबर से 11 अक्टूबर के बीच पराली जलाने की घटनाएं 1,063 तक पहुंच गई हैं, जो पिछले साल इसी अवधि की तुलना में 300 अधिक है।

सक्सेना ने पिछले साल भी मान को पत्र लिखा था जब केंद्र शासित प्रदेश की सीमा के बाहर से आने वाले धुएं के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली प्रदूषण के चपेट में थी।

उपराज्यपाल ने कहा, 24 अक्टूबर 2022 से दो नवंबर 2022 के बीच पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पराली जलाने की घटनाओं में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

पिछले साल पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए उठाए गए कदमों के लिए हरियाणा सरकार की सराहना करते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से कहा कि इस साल घटनाएं बढ़ रही हैं। सक्सेना ने कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि इस साल 15 सितंबर से 11 अक्टूबर तक हरियाणा में फसल अवशेष जलाने की घटनाएं 340 तक पहुंच गई हैं।



### सचदेवा ने पीएमओ-उपराज्यपाल की पहल का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करने के कदम उठाने की पहल का स्वागत किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि ऐसे समय में जब दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब होने लगी है, यह खेदजनक है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने पंजाब समकक्ष भगवंत मान के साथ एक राज्य से दूसरे राज्य में चुनाव प्रचार कर रहे हैं।

## बसपा के संस्थापक सदस्य अंबेथ आप में हुए शामिल

पायनियर सामचार सेवा। नई दिल्ली

बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य और उत्तर प्रदेश से दो बार के राज्यसभा सांसद रहे अंबेथ राजन ने शनिवार को आम आदमी पार्टी ज्वाइन की। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉक्टर संदीप पाठक ने पार्टी मुख्यालय में अंबेथ राजन को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई।

डॉक्टर संदीप पाठक ने पटका और टोपी पहनाकर अंबेथ राजन का पार्टी में स्वागत किया। आप में शामिल होने के बाद अंबेथ राजन ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री केजरीवाल के जनहित कार्यों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हुआ हूं। जिस तरीके से आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और पानी के क्षेत्र में काम कर रही है वह बेहद सराहनीय है।

देश में आप ऐसी पार्टी है जो जनहित कार्य कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जिस तरीके से भारत को नंबर वन देश बनाने का बेड़ा उठाया है मैं उससे काफी प्रभावित हूं। अंबेथ राजन बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं। अंबेथ राजन 2007 से 2016 तक उत्तर प्रदेश से बसपा के राज्यसभा सांसद रहे हैं।

### बंगाली मार्केट में राहुल गांधी ने खाई मिठाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को दिल्ली के प्रसिद्ध बाजार बंगाली मार्केट पहुंचे। बंगाली मार्केट में उन्होंने मिठाई की दुकान पर पहुंचकर लोगों से मुलाकात की।

बाजार में राहुल गांधी जैसे ही मिठाई की दुकान के अंदर घुसे, उन्हेंदेखने और उनकेसाथ सेल्फी लेनेके लिए लोगों की भीड़ लग गई. जनता में उनके साथ सेल्फी लेनेकी होड़ मची हुई थी। लोग उन्हें देखकर काफी उत्साहित थे। कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी पिछलेकुछ दिनों से आम जनता से मुलाकात को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।

### मेगा पीटीएम में छात्रों व अभिभावकों में दिखा उत्साह

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार-एमसीडी के सभी स्कूलों में दो दिवसीय मेगा पीटीएम का उत्सव संपन्न हुआ। स्कूलों में आयोजित मेगा पीटीएम में पेरेंट्स और टीचर्स में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

दिल्ली सरकर के स्कूलों में पेरेंट्स का कॉन्फिडेंस और उनके चेहरे की खुशी ये साबित कर रही थी कि इन स्कूलों में उनके बच्चों के भविष्य की शानदार नींव डाली जा रही है और बच्चों को वर्ल्ड-क्लास एजुकेशन दी जा रही है। तो दूसरी तरह एमसीडी के स्कूलों में पेरेंट्स इस विश्वास के साथ आए थे कि अब दिल्ली सरकार के स्कूलों की तरह एमसीडी में भी उनके बच्चों के स्कूल शानदार बनेंगे।

## आतिशी ने मेंटर शिक्षकों से संवाद कर जाना अनुभव

- एमसीडी अध्यापकों को देश के नामी शैक्षिक संस्थाओं प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए भेजा गया था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



देश के प्रख्यात शैक्षिक संस्थाओं से एक्सपोजर विजिट कर लौटे एमसीडी स्कूलों के मेंटर टीचर्स शनिवार को शिक्षा मंत्री आतिशी ने मिलकर उनका अनुभव जाना। शिक्षामंत्री ने कहा कि शिक्षकों का यह अनुभव एमसीडी स्कूलों की शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाने के साथ बच्चों के जीवन में अहम बदलाव लाएगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि, दिल्ली सरकार के स्कूलों में शिक्षा क्रांति लाने में हमारे मेंटर शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दिशा में अब हम एमसीडी स्कूलों के अपने मेंटर शिक्षकों को भी सशक्त बना रहे है। उन्होंने कहा कि देशभर के जाने-माने शैक्षिक संस्थाओं से सीखकर आने के बाद हमारे मेंटर शिक्षकों में अलग ही उत्साह और आत्मविश्वास है। वे इस उत्साह के साथ अपनी कक्षाओं में पढ़ाई का शानदार माहौल तैयार करेंगे और साथ ही अपने साथी शिक्षकों को सीखने-सीखाने के नवाचारों से परिचित करवाएंगे। बता दें कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के बाद अब एमसीडी स्कूलों में भी शिक्षा क्रांति लाने की दिशा में केजरीवाल सरकार एमसीडी स्कूलों के शिक्षकों के प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्(एससीईआरटी) एमसीडी स्कूलों के मेंटर शिक्षकों को देशभर के नामी संस्थानों में सीखने के लिए भेज रही है। पिछले दिनों एससीईआरटी द्वारा एमसीडी स्कूलों के 20-20 मेंटर शिक्षकों के समूह को पालमपुर के अविष्कार लैब ऑफ साइंस, मैथ, आर्ट एंड टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु में अन्वेषाना, अन्नास्वामी मुदलियार, दीया घर, माल्या अदिति इंटरनेशनल स्कूल और बीईएमई शामिल हैं, में 5 दिवसीय प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए भेजा गया था।

# इजराइल से 235 भारतीयों का दूसरा जत्था दिल्ली पहुंचा

## भारत सरकार ने नागरिकों को सुरक्षित लाने को चलाया है ऑपरेशन अजय



इजराइल में फंसे भारतीय नागरिकों का दूसरा जत्था शनिवार को नई दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचा। यहां केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन ने सभी नागरिकों का स्वागत किया और उनकी कुशलता पूछी।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इजराइल से 235 भारतीयों को लेकर आ रहा दूसरा विमान शनिवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा। सरकार ने गाजा में हमास के आतंकवादियों द्वारा इजरायल के शहरों पर किए गए हमलों के बाद स्वदेश लौटने के इच्छुक लोगों की वापसी के लिए ऑपरेशन अजय शुरू किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शनिवार को कहा कि 235 नागरिकों को लेकर आ रही दूसरी उड़ान राष्ट्रीय राजधानी पहुंच गई है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यात्रियों की तस्वीरें भी साझा कीं। केरल सरकर के अनुसार, चार्टर्ड विमान एआई 140 में 235 भारतीय थे, जिनमें से 33 केरल के थे। तेल अवीव से एअर इंडिया द्वारा संचालित पहली उड़ान 200 से अधिक लोगों को लेकर शुक्रवार सुबह दिल्ली पहुंची थी। विदेश राज्यमंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने हवाई अड्डे पर इजराइल से लौटे भारतीयों का स्वागत किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, इजराइल से भारतीयों के दूसरे जत्थे का स्वागत किया। यह जानकर खुशी हुई कि उन्होंने भारत सरकार के त्वरित ऑपरेशन विजय और सुचारू समन्वय के लिए विदेश मंत्रालय की प्रशंसा की है। ज्ञात हो कि हमास आतंकवादियों द्वारा पिछले शनिवार को इजराइल पर ताबड़तोड़ हमले किए जाने और फिर इजराइल की जवाबी कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया था।

### विश्व कप से जुड़े सट्टेबाजी गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नेब सराय इलाके में क्रिकेट विश्व कप से जुड़े कथित सट्टेबाजी का गिरोह चलाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान रवि कुमार, अमित कुमार और शाहिद खान के रूप में हुई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कार्वाई में सट्टेबाजी में सॉफ्टवेयर की मदद से सहायता करने वाले दो लैपटॉप, सात मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी, तीन इंटरनेट राउटर, एक प्रिंटर, एक बिल काउंटर, एक कैलकुलेटर, ताश के 12 पैकेट और लेखन सामग्री जब्त की गई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे सट्टेबाजी सहायता सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल पंटर्स (जुआरियों) के बही-खाते और खातों में हिसाब-किताब के लिए करते थे।

## भारत विरोधी नैरेटिव को ध्वस्त करें युवा : मोनिका अरोड़ा

- विमर्श कॉनक्लेव के दूसरे दिन कला, मीडिया और ज्ञान परंपरा पर मंथन



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा ने कहा कि भारत विरोधी अनेक शक्तियां आज देशभर में काम कर रही हैं लेकिन युवाओं को यह ध्यान रखना है कि ऐसी शक्तियों और ऐसे नैरेटिव को ध्वस्त करें।

मोनिका अरोड़ा सत्यवती कॉलेज में विमर्श कॉनक्लेव के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में 'भारतीय समाज के सशक्त मूल्य' विषय पर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन सभी के प्रति करुणा रखने की प्रेरणा देने वाला दर्शन है, भारतीय समाज सहिष्णुता नहीं बल्कि स्वीकार्यता पर आधारित है। इस दौरान रजनीश मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्रा, राकेश उपाध्याय, हरीश कुमार वर्नवाल, डॉ. सेरिंग ताशी, प्रफुल्ल केतकर युवाओं को संबोधित किया। केंद्रीय सतर्कता आयुक्त उदय माहुरकर ने अपनी पुस्तक 'वीर सावरकर : जो विभाजन रोक सकते थे' के संबंध में युवाओं से चर्चा की।

# प्रतियोगिताओं से बच्चों की छिपी प्रतिभाएं आती हैं बाहर : मंगला

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

### चार दिवसीय बाल दिवस समारोह के समापन पर प्रतियोगिताओं का किया अवलोकन



**जिला** बाल कल्याण परिषद पलवल के तत्वावधान में बाल भवन में चल रहे चार दिवसीय बाल महोत्सव के समापन समारोह में विधायक दीपक मंगला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। चौथे दिन के कार्यक्रम की शुरुआत विधायक ने मां भगवती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके की।

उन्होंने सभी को बाल महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रति वर्ष बाल कल्याण परिषद बाल महोत्सव को उत्कृष्ट बनाने के लिए नए-नए आयोजन करता रहता है। उन्होंने बाल महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए बाल कल्याण परिषद के पदाधिकारियों का भी धन्यवाद किया। दीपक मंगला ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाएं बाहर आती है और बच्चों को मनोबल बढ़ता है। बाल कल्याण परिषद द्वारा यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते हैं। स्कूली बच्चों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहना चाहिए, ताकि वे अपनी प्रतिभा को भी और अधिक निखार सकें। उन्होंने इस महोत्सव में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को अपना शुभ आशीष देते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ ऐसी प्रतियोगिताओं में भी अपनी सहभागिता अवश्य करनी चाहिए। इस मौके पर उन्होंने बालिकाओं द्वारा बनाई जा रही रंगोली का भी अवलोकन किया तथा बच्चों से बात की। उन्होंने कहा कि जिला क्षेत्र के बच्चे राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाकर पुरस्कार जीतकर जिला का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उन्होंने जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को अपनी हार्दिक शुभकामनाओं के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की।

जिला स्तरीय बाल दिवस के चौथे दिन प्रतियोगिताओं में फेंसी ड्रेस, कार्ड मेकिंग, रंगोली, ग्रुप डांस, हिंदी व अंग्रेजी में लेखन, क्लासिकल सोलो डांस, सोलो शांग जैसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी होकर जिला पलवल का नाम रोशन करते हैं। जिला स्तर पर सभी विजेता बच्चों को आगामी 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

इस मौके पर बाल कल्याण संरक्षण समिति पलवल के चेयरमैन रणवीर मनोज, सुनील, रामेश्वर रावत, मनोज कुमार गोयल, सुरजीत रावत, कृष्ण मुरारी, टेकचंद, मीनाक्षी शर्मा, पूनम शर्मा सहित सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थी, अध्यापक, निर्णायक कमेटी के सदस्यों में डॉ. वंदना, डॉ. मोनिका, श्यामदत्त, सुमित, प्रीति, मीनू कौशिक, पूनम यादव, डालचंद, धर्मेंद्र मौजूद रहे।

# जिला पलवल 941 लिंगानुपात हासिल कर प्रदेश में प्रथम पायदान पर पहुंचा

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना से लिंगानुपात में हुआ सुधार

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**जिला** में बालिकाओं के प्रति सामाजिक एवं व्यवहारिक दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव के लिए चलाई जा रही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के सफलतम क्रियान्वयन के संबंध में उपायुक्त नेहा सिंह ने अपने कार्यालय में बैठक आयोजित की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी नेहा सिंह ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना का अधिकतम प्रचार-प्रसार करने के लिए अब तक आयोजित की गई गतिविधियों व कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिला पलवल का वर्तमान में लिंगानुपात 941 है, जोकि हरियाणा प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। इस सफलता के लिए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों को जिला के लिंगानुपात को 950 से भी ऊपर लेकर जाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। डीसी नेहा सिंह ने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे जागरूकता कार्यक्रमों को बढ़ावा देकर योजना के सफल क्रियान्वयन व निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में अपना पूर्ण सहयोग करें। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय व तालमेल के साथ कार्य करें। डीसी नेहा सिंह ने कहा कि जिला के जिन गांवों में लिंगानुपात का स्तर कम है, वहां अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के प्रति जागरूक किया जाए। इसके तहत स्कूलों, आंगनबाडी केंद्रो, पंचायती संस्थानों में भी विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके अलावा जिला व खंड स्तर पर भी बड़े आयोजन करके नागरिकों को जागरूक किया जा सकता है। बेटियों के संरक्षण व उनकी पढ़ाई के लिए हर वर्ग को योगदान हेतु प्रेरित करने की आवश्यकता है। इसके लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि समाज में रह रहे लोगों की बालिकाओं के प्रति सोच में बदलाव लाया जा सके। डीसी ने जिला में भ्रूण लिंग परीक्षण की प्रभावी रोकथाम के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जाएं। भ्रूण परीक्षण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। जिला में सोनोग्राफी सेंटरों एवं एमटीपी केंद्रों का भी निरीक्षण किया जाए।

इस अवसर पर सीएमओ नरेश गर्ग, पीएनडीटी नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण शादाब सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मोबाइल हैक कर युवक के खाते से निकाले चार लाख

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

### पेटीएम में पैसे डालने पर चला पता


**मेहनत**-मजदूरी कर पैसे बैंक में एकत्रित किए तो किसी ने मोबाइल हैक कर फर्जी एटीएम कार्ड बैंक से मंगवाकर उसके खाते से 4.4 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित को जब इसकी जानकारी मिली तो उसने लिखित शिकायत गदपुरी थाना पुलिस व बैंक अधिकारियों को दी। गदपुरी थाना पुलिस ने पीड़ित खाता धारक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर सिंह के अनुसार, पृथला गांव निवासी सोनू ने दी शिकायत में कहा है कि वह मेहनत-मजदूरी करता है। उसने अपने बचत के पैसों को बैंक में जमा कर एकत्रित करने के लिए गांव के ही पंजाब नैशनल बैंक में खाता खुलवाया हुआ है। जिसका उसने एटीएम कार्ड भी लिया हुआ है, लेकिन किसी ने उसका मोबाइल नंबर हैक कर लिया।

बैंक से ऑनलाइन अप्लाई कर दूसरा एटीएम कार्ड मंगवा लिया। जिसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। शिकायत में कहा है कि उसने जब बैंक में जाकर अपने खाते की पूरी जानकारी ली तो पता चला कि 13 अगस्त को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल नंबर को हैक कर ऑनलाइन बैंक में नया एटीएम मंगवाने के लिए एप्लिकेशन भेजी। जिसके बाद बैंक ने उसके पास एटीएम कार्ड भेज दिया, जो उसे छह अक्टूबर को मिल गया।

छह अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आरोपी ने उसके बैंक खाते से चार लाख चार हजार 17 रुपए निकाल लिए। पीड़ित अपने मोबाइल में पेटीएम चलाता है। उसने जब अपने पेटीएम में खाते से पैसे डालने चाहे तो खाते का बैलेंस मात्र दो लाख रुपए दिखा रहा था। जिसके बाद पीड़ित ने अपने मोबाइल व पेटीएम को कई बार रिफ्रेश किया, लेकिन खाते में बार-बार बैलेंस दो लाख आ रहा था। जबकि, उसके खाते का बैलेंस सात लाख से अधिक था। जिसके बाद पीड़ित को चिंता हुई तो वह तुरंत बैंक गया। बैंक जाने पर उसने इस संबंध में मैनेजर से बात की। अपने खाते की स्टेटमेंट निकलवाकर चेक की। जिससे पता चला कि उसकी अर्जी पर अज्ञात ने खाते से फर्जी एटीएम कार्ड बनवाकर 404017 रुपए निकाल लिए हैं।

# नए बिजली कनेक्शन की केबल निगम उपलब्ध करवाएगा : अमित खत्री



**फरीदाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम अपने उपभोक्ताओं को स्वयं सर्विस कनेक्शन केबल उपलब्ध करवाएगा। प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पास एक सिंगल फेस के नए कनेक्शन जारी करने के लिए पीवीसी केबल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। निगम ने सभी ऑपरेशन उपमंडल कार्यालय में उसका अग्रिम आबंटन कर दिया है।

उन्होंने बताया कि अब से, यदि आबंटन के बावजूद उपभोक्ताओं से पीवीसी केबल मांगने की कोई शिकायत सामने आती है, तो इसे बहुत गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में सभी संबंधितों को सख्त और सावधानीपूर्वक अनुपालन के लिए उचित निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बिजली निगम के स्टोर में पर्याप्त केबल उपलब्ध है। नए कनेक्शन को ध्यान में रखते हुए, सभी ऑपरेशन उपमंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सिंगल फेस के नए कनेक्शन जारी करने के लिए निगम के पास उपलब्ध एलटी पीवीसी केबल का ही उपयोग करें। इस संबंध में संबंधित उपभोक्ताओं से फीडबैक लें और यह सुनिश्चित करें कि आवेदक से फील्ड स्टाफ द्वारा किसी पीवीसी की मांग नहीं की जा रही है तथा उपभोक्ता को शीघ्र ही नया बिजली कनेक्शन जारी करें। इसके अलावा, फील्ड कार्यालयों की सुविधा के लिए, उनके मासिक उपभोग के आधार पर सिंगल फेस कनेक्शन जारी करने के लिए 15 दिनों की औसत आवश्यकता के बराबर पीवीसी केबलों को अग्रिम रूप से आबंटित करने का निर्णय लिया गया है। उपयोग की गई मात्रा के विरुद्ध पुन:पूर्ति संबंधित उपमंडल से उपयोग प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद कर दी जाएगी।

# गायों को अधपकी व तली खाद्य सामग्री न खिलाएं

**फरीदाबाद।** पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग, फरीदाबाद के उपनिदेशक डॉ. वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि श्राद्ध पक्ष व अन्य त्योहार विशेषकर अमावस्या को पितरों के लिए गायों को गौ ग्रास दिया जाता है। लेकिन काफी लोग अज्ञानता में गायों को अधपका व तला हुआ खाद्य पदार्थ जैसे पूरी, हलवा इत्यादि खिलाते हैं। जिसे खाकर गोवंश में अफारा बन जाता है और गायों में एसिडोसिस बन जाता है। जिसके कारण गायों के खून में अधिक एसिड हो जाता है। इस स्थिति में उपचार न मिलने के कारण गोवंश की अकाल मृत्यु हो सकती है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि अमावस्या व आगे भी सड़कों पर घूमने वाली बेसहारा गौवंश व गौशाला/ घरों में रहने वाली गायों को अधपकी और तली हुई खाद्य सामग्री की बजाय हरा चारा व गुड़ खिलाएं। जिससे पितरों को खुश करने के लिए आपको दिया गया गौ ग्रास गायों की अकाल मृत्यु का कारण न बने। उन्होंने गौशाला संचालकों से भी अपील की।

# खाटू श्याम के दरबार में भक्तजनों ने किया रक्तदान

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**श्याम** धुन लागी रे कार्यक्रम के अंतर्गत ब्राह्मण धर्मशाला पलवल में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज, श्री श्याम सेवक 11 तारीख वाले और भारत विकास परिषद् शाखा पलवल के संयुक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का संयोजन पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक विकास मित्तल, भारत विकास परिषद् शाखा पलवल की महिला संयोजिका अल्पना मित्तल और श्री श्याम सेवक के अमन शर्मा ने किया।

शिविर का विधिवत उद्घाटन पलवल के पंचवटी धाम के महंत श्री ऋषि दास, विधायक दीपक मंगला, पूर्व विधायक सुभाष चौधरी, भाजपा नेता गौरव गौतम, भारत विकास परिषद् के प्रांतीय अधिकारी प्रमोद टिब्बरेवाल, पलवल शाखा प्रधान स्वतंत्र गोयल, शिव कुमार सिंगला, संजय सिंगला, वीरपाल दीक्षित, समाजसेवी सुभाष अग्रवाल, युधिष्ठिर गोयल, सुभाष, संगीता गर्ग, मुकेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, आशुतोष सिंह, गुलशन जैन, बॉबी, दीपक सिंगला, प्रवीण जैन, सुनील वधवा, पंकज विरमानी ने किया। कार्यक्रम में विधायक दीपक मंगला ने संदेश दिया कि रक्तदान जनहित व राष्ट्रहित में है। रक्तदान करने के लिए सभी स्वस्थ्य युवकों को आगे आना चाहिए। रक्तदान वक्त की जरूरत है, हम सभी को रक्तदान करना चाहिए।

शिविर संयोजक विकास मित्तल, अल्पना मित्तल और अमन शर्मा ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि कमाए हुए धन को दान करने में तो एक बार इंसान संकोच कर सकता है, लेकिन रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान करने के लिए समाज के सभी वर्गों को आगे आना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि शिविर में 85 भक्तजनों ने रक्तदान किया, जिसमें में 25 लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। शिविर में डॉ. नरेश डागर, पूनम गोयल, रुद्र नारायण मित्तल, नेपाल सिंह, देवेंद्र, रिंकू, गिर्राज, भूषण, विकल्प मित्तल आदि ने विशेष सहयोग किया।

# परिवार जोड़ो अभियान चलाने पर पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला पलवल लीगल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट संजय वर्मा ने हल्का हथीन के गांव टीकरी ब्राह्मण, रींडका, कलसाडा व भंगूरी खेड़ी में परिवार जोड़ो अभियान के तहत सभी गांव का दौरा किया।

उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल के दिशानिर्देशानुसार ग्रामीणों को बताया कि पार्टी द्वारा हरियाणा प्रदेश में परिवार जोड़ो अभियान जोरों पर चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कानूनी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एडवोकेट संजय वर्मा द्वारा कार्यकर्ताओं एडवोकेट गौरव तंवर टीकरी ब्राह्मण, सर्कल अध्यक्ष भाई रिंकू कलसाडा, अशोक सहरावत भमरोला व देवी राम पांचाल बामनीखेड़ा ने मिलकर गांव जोड़ो परिवार जोड़ो अभियान के तहत लोगों को पार्टी की जनहित नीतियों से अवगत करवाया व पार्टी की सदस्यता दिलवाई। जिस कारण प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता तथा डॉ. अशोक तंवर ने वर्मा को अपने कार्यालय दिल्ली बुलाकर गुलदस्ता भेंटकर परिवार जोड़ो अभियान की सफलता की मुबारकबाद दी। वर्मा ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए बताया कि हरियाणा प्रदेश में आम आदमी पार्टी की दिल्ली व पंजाब में लागू जनहित नीतियों की बदौलत जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। जिससे कांग्रेस, इनेलो, जजपा व भाजपा में खलबली मची हुई है, क्योंकि जजपा भाजपा सरकार जनमानस के खिलाफ चलाई जा रही उसकी नीतियों से भलीभांति परिचित है।

उन्होंने बताया कि भाजपा की हार तय हो चुकी है, इसीलिए आम आदमी पार्टी नेताओं पर कभी ईडी, कभी सीआईडी व अन्य एजेंसियों की छापेमारी करवाई जा रही है। बिना किसी सबूत उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। भाजपा सरकार की ऐसी दमनकारी नीतियां आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के हौंसलों को नहीं तोड़ सकती। दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर हरियाणा प्रदेश की बागडोर भी आम आदमी पार्टी अपने हाथों में लेगी।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत निकाली अमृत कलश यात्रा



**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल में एनएसएस यूनिट के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य एक महान भारत के निर्माण के विचार के साथ प्रत्येक व्यक्ति, परिवार और नागरिक के बीच में भावनात्मक संबंध बनाना है।

इस कार्यक्रम में संस्थान में रखे गए अमृत कलश में सभी स्वयंसेविकाओं व स्टाफ सदस्यों द्वारा घरों व खेतों से लाई गई मिट्टी एकत्रित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी द्वारा कलश में मिट्टी डालकर किया गया। यूनिट की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रानी सांगवान ने बताया इस अमृत कलश से मिट्टी को भारत के वीर नायकों को श्रृद्धांजलि देते हुए अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा।

देश के बलिदानियों, वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत की गई है। इस अमृत कलश में मिट्टी डालने के साथ स्वयंसेविकाओं ने शपथ भी ली थी तथा रैली के माध्यम से स्वयंसेविकाओं ने लोगों को जागरूक किया। इस अमृत कलश यात्रा में 100 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका एनएसएस यूनिट की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रानी सांगवान तथा कुमारी बबीता रहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित



**फरीदाबाद।** भारतीय डाक विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतर्गत बल्लभगढ़ मुख्य डाकघर में सफाईमित्रों को डाक विभाग की सभी सेवाओं एवं योजनाओं के बारे में अवगत कराया। अधीक्षक डाकघर रविंद्र कुमार द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहायक अधीक्षक जवाहर सिंह, उप डाकपाल बल्लभगढ़ मुख्य डाकघर रविंद्र एवं अन्य पोस्टल स्टाफ उपस्थित रहे।

### सीकरी में आज होगा पृथला विधानसभा का पन्ना सम्मेलन

**फरीदाबाद।** 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे देवांश ग्रीन वाटिका कैली अंडरपास सीकरी मथुरा रोड में भाजपा पृथला विधानसभा क्षेत्र का पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, प्रदेश मंत्री और जिला प्रभारी मनीष यादव, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित पार्टी के अन्य कई बड़े नेता उपस्थित रहेंगे।

### मोना बनी मिस फ्रेशर व पवन को मिला मिस्टर फ्रेशर का खिताब




**पलवल।** जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल में बायोलॉजी सोसाइटी के अंतर्गत बीएससी मेडिकल प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए फ्रेशर कम इनॉग्रल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तृतीय और द्वितीय वर्ष के छात्रों ने प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में जंतु विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉक्टर वंदना कालरा ने बायोलॉजी सोसायटी के सभी चयनित कार्यकर्ताओं के नाम बताए तथा उन्हें शपथ दिलवाई। बायोलॉजी समिति की अध्यक्ष कुमारी वर्षा को बीएससी तृतीय वर्ष तथा उपाध्यक्ष कुमारी नेहा को बीएससी तृतीय वर्ष से बनाया गया। बीएससी प्रथम वर्ष के छात्रों ने नृत्य, कविता पाठ व व्यंग्य सुनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मनीषा अग्रवाल ने पुरस्कार वितरण के लिए नाम घोषित किये। बीएससी प्रथम वर्ष की कुमारी मोना को मिस फ्रेशर व पवन को मिस्टर फ्रेशर का टाइटल दिया गया। मिस्टर फ्रेशर रनरअप के लिए चिराग व मिस फ्रेशर रनरअप का टाइटल तमन्ना को दिया गया। मिस ब्यूटीफुल स्माइल का टाइटल कुमारी पिंकी को दिया गया। मिस्टर हैंडसम का टाइटल नफीस को दिया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी व सेशे प्रदान किया गया। प्रधानाचार्या प्रतिभा सिंगला ने बायोलॉजी समिति के कार्यकर्ताओं व छात्रों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और सभी विद्यार्थियों को इसी तरीके से विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. केडी शर्मा, डॉ. अंजू कक्कड़, डॉ. रुचि शर्मा, डॉ. वनिता सपरा, डॉ. नेहा भटनागर, कंचन, डॉ. दीपा, पिंकी, साक्षी, डॉ. विजया जैन व नरेश उपस्थित रहे।

### खराब मुद्रा व स्क्रीन की लत से नेक सिंड्रोम का खतरा

**फरीदाबाद।** स्क्रीन के सामने लंबे समय तक रहने के साथ-साथ खराब मुद्रा और कार्यस्थल में अपर्याप्त एर्गोनॉमिक्स के कारण आज के व्यक्ति, विशेष रूप से युवा वयस्क, टेक्स्ट-नेक सिंड्रोम जैसी रीढ़ से संबंधित स्थितियों का शिकार हो रहे हैं। अमृता अस्पताल फरीदाबाद के एक प्रमुख विशेषज्ञ के अनुसार, गर्दन की मांसपेशियां तनावग्रस्त और कठोर हो जाती हैं, जिससे लंबे समय में रीढ़ की हड्डी में जटिलताएं पैदा होती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि खराब मुद्रा युवा और मध्यम आयु वर्ग के व्यक्तियों में गर्दन और पीठ दर्द का प्राथमिक कारण है, जिससे काम छूट जाता है, अस्पताल जाना पड़ता है और इलाज का खर्च उठाना पड़ता है। समय के साथ, यह रीढ़ की हड्डी की डिस्क को नुकसान पहुंचाता है, मांसपेशियों में ऐंठन का कारण बनता है व क्रोनिक दर्द, डिस्क विकृति और यहां तक कि सर्जरी का कारण बन सकता है, जो अंतत: जीवन भर की शारीरिक हानि का कारण बन सकता है। विश्व स्पाइन दिवस 16 अक्टूबर से पहले एक वेबिनार को संबोधित करते हुए, अमृता अस्पताल फरीदाबाद में स्पाइन सर्जरी के प्रमुख डॉ. तरूण सूरी ने कहा, हमारे ओपीडी रोगियों में पीठ और गर्दन में दर्द का सबसे आम कारण खराब मुद्रा बन गया है। उल्लेखनीय रूप से, हमारे ओपीडी के लगभग 70 प्रतिशत मरीज इसी श्रेणी में आते हैं। खराब स्क्रीन शिष्टाचार भी इस तरह के दर्द का एक प्रमुख कारण है। लोग अक्सर लंबे समय तक गर्दन झुकाकर अपने गैजेट का उपयोग करते हैं, जिससे टेक्स्ट-नेक सिंड्रोम नामक स्थिति उत्पन्न होती है। 25 से 45 वर्ष की आयु के व्यक्ति पोस्टुरल पीठ दर्द से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। हाल ही में, हमने 10-20 वर्ष की आयु के बच्चों को भी रीढ़ की हड्डी में दर्द का अनुभव करते हुए देखा है। इस संबंध में, यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि पीठ और गर्दन का दर्द पुरुषों और महिलाओं दोनों में आम है।

### बड़खल चौक के निकट सेक्टर-28 में टूटी सड़क की मरम्मत की मांग



**फरीदाबाद।** बड़खल चौक से सेक्टर-28 में प्रवेश करते समय सड़क उबड़ खाबड़ है, जिसमें कई जगह गड्ढे हैं। काफी समय से लोक निर्माण विभाग में कोई तवज्जो नहीं दी है। जिससे सेक्टरवासियों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर में टूटी-फूटी सड़क से निकलने पर गाड़ियों के बेस को ठसका लग जाता है। बड़खल चौक की बगल में ही ऑटो वालों ने स्टैंड बना रखा है, जहां भी जमीन ऊंची नीची है। सेक्टर 21-ए के समाजसेवी युगल किशोर शर्मा ने बताया कि सेक्टर-28 में जानकार हैं, जिनके यहां अक्सर आवागमन होता रहता है। बड़खल चौक की रेड लाइट पर जाम होने की अवस्था में भी सैकड़ों वाहन चालक सर्विस रोड का उपयोग कर बड़खल की रेड लाइट पर आते जाते हैं, लेकिन टूटी रोड से निकलने में लोगों को हिचकोले खाने पड़ते हैं। लोगों का यह भी कहना है कि सेक्टर-28 सांसद कृष्णपाल गुर्जर का कार्य क्षेत्र है। फिर भी नगर निगम के संबंधित विभाग ने उपेक्षा कर रखी है। कोई सुधि लेने वाला नहीं है। संबंधित अधिकारियों, प्रशासन से आग्रह है कि वह सेक्टर-28 की टूटी सड़कों को दुरुस्त करें। बड़खल चौक पर ऑटो चालक आपस में उगाही करके जमीन समतल बनाएं एवं आमजन के रास्ते में बाधा उत्पन्न न करें। उन्होंने कहा कि यह समस्या काफी दिनों से बनी हुई है, जिससे सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए मरम्मत बेहद जरूरी है।

# अवध विवि के छात्र-छात्राओं ने आजादी के अमृत महोत्सव की थीम को उकेरा

## विवि में चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ समापनए परिणाम घोषित किए गए

**अयोध्या।** डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रचेता भवन में हिन्दी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग और क्षेत्रीय भाषा केन्द्र व बैंक ऑफबड़ौदा के संयुक्त संयोजन में चल रही प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता के अंतिम दिन शुक्रवार को देर शाम चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। आजादी का अमृत महोत्सव थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता में आवासीय परिसर के विभिन्न विभागों के छात्र.छात्राओं ने अपनी सृजनात्मकता का बढ़चढ कर परिचय दिया। जिसमें बीएएसी के हिमांशु प्रथमए अंजली यादव फाईन आर्ट्स द्वितीयए अवधी के रामजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सांत्वना पुरस्कार में प्रथम स्थान बीएससी की वैष्णवी यादव व द्वितीय स्थान हर्षिता सिंह ने प्राप्त



किया। इस प्रतियोगिता में 11 विद्यार्थियों ने शीर्ष स्थान में जगह बनाई जिसमें अंशिका कौशलए श्रेया मिश्राए प्रज्ञा दूबेए आरती मौर्याए कल्यानी यामिनीए अदिति मिश्राए अर्पणा पालए अनन्या यादवए ज्योतिए अनूप कुमार रहे। इस प्रतियोगिता की संयोजिका व हिन्दी भाषा एवं प्रयोजनमूलक विभाग की शिक्षिका डॉ0 सुमन लाल ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण.पत्र दीक्षांत समारोह के दीक्षांत पखवारा के समय वितरित किया जायेगा।

## पीएचडी कोर्स वर्क में प्रवेश को आनलाइन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पीएच0डी0 प्रवेश परीक्षा.2022 में अन्तिम रूप से सफल अभ्यर्थियों को पीएच0 डी0 कोर्सवर्क में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क 20 अक्टूबरए 2023 तक अनिवार्य रूप से आनलाइन जमा करना होगा। इसके उपरांत अभ्यर्थियों को जमा शुल्क की रसीद की छायाप्रति प्रार्थना.पत्र व आवश्यक प्रपत्रों के साथ संलग्न करते हुए कुलसचिव कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। अन्यथा की दशा में अभ्यर्थियों का प्रवेश स्वत: निरस्त माना जायेगा। विवि के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर पीएच0डी0 कोर्सवर्क 2022 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि घोषित कर दी गई हैं। 20 अक्टूबरए 2023 तक अनिवार्य रूप से आनलाइन शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश हेतु ऐसे अभ्यर्थी जो स्थायी.अस्थायी रूप से कहीं पर सेवारत हैंए उन्हें संस्था द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण.पत्र एवं फोटोयुक्त नोटरी शपथ.पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि कोई शोधार्थी अपरिहार्य कारणों से उक्त अनापत्ति प्रमाण.पत्र कोर्सवर्क शुल्क के साथ प्रवेश के समय प्रस्तुत नही कर पाते हैंए तो नोटरी शपथ पत्र में यह उल्लिखित करना होगा कि शोधार्थी 15 दिन के अन्दर अनापत्ति प्रमाण.पत्र विश्वविद्यालय में जमा कर देगा। ऐसे अभ्यर्थी जो कहीं पर कार्यरत नही हैं वे फोटोयुक्त नोटरी शपथ.पत्र पर इस आशय की घोषणा के साथ प्रस्तुत करेंगे कि वे कहीं पर कार्यरत नहीं हैं। कुलसचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा विषयवार पीएच0डी0 कोर्सवर्क के लिए निर्धारित केन्द्रों की सूचना पृथक से विश्वविद्यालय की अधिकृत बेवसाइट ूण्तउसंनंण्बण्पद पर प्रदर्शित की जायेगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि संबंधित सूचना विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड है।

## बलरामपुर : मौसा ने सात वर्षीय बच्ची की गला दबाकर हत्या की

बलरामपुर। बलरामपुर के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में बच्चों के बीच हुए विवाद से नाराज होकर सात साल की एक बच्ची की उसके मौसा ने कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी और उसके शव को एक पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) केशव कुमार ने बताया कि शिया (सात) करीब दो महीने पहले अपनी मां के साथ नोमकोनी स्थित अपने मौसा कर्ण सोनी के घर आई थी तथा बृहस्पतिवार शाम वह खेलते-खेलते अचानक लापता हो गई एवं शुक्रवार को बालागंज नहर के पास उसका शव मिला। उन्होंने बताया कि लापता लड़की की तलाश के दौरान पुलिस को कुछ चीजें हाथ लगीं, जिसके आधार पर कर्ण सोनी (30) को हिरासत में लिया गया और उससे पूछताछ की जा रही है।पुलिस को पूछताछ में यह पता चला कि शिया अक्सर खेलते समय कर्ण वर्मा की बच्ची को मार देती थी जिससे वह नाराज रहता था। पुलिस अधीक्षक के अनुसार बृहस्पतिवार की शाम वह घर के बाहर खेल रही शिया को घुमाने ले गया और बालागंज की नहर के पास सुनसान जगह पर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव पानी भरे गड्डे में फेंक दिया। एसपी ने कहा कि हत्यारे की निशानदेही पर लड़की की चप्पल बरामद कर ली गई है और आरोपी से पूछताछ जारी है।

## कोप भवन लीला का हुआ भावुक मंचन



गाजीपुर। जनपद की अति प्राचीन श्रीराम लीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वाधान में श्रीराम लीला के चौथे दिन हरिशंकरी स्थित श्रीराम चबूतरा पर बन्दे वाणी विनायका आदर्श श्रीराम लीला मण्डल के द्वारा राजतिलक की तैयारीए मंथरा कैकेयी संवाद तथा कोप भवन लीला का मंचन किया गया। जब महाराज दशरथ अपने कुलगुरू महर्षि वशिष्ठ से राम के राज्य अभिषेक के विषय में विचार विमर्श कर रहे थे इसके बाद गुरू के आदेशानुसार अपने मंत्री सुमन्त को राजतिलक की तैयारी करने का आदेश देते हैए राजा दशरथ के आदेशानुसार मंत्री सुमन्त द्वारा पूरा नगर ध्वज पताकाओं से सजवाया गया राजतिलक की पूरी तैयारी कर ली जाती हैए इसी बीच दासी मंथरा नगर भ्रमण के दौरान नगर को सजा हुआ देखकर आश्चर्य में पड़ जाती है और दौड़ी हुई राजमहल की सजने की तैयारी से सम्बन्धित महारानी कैकेयी को सूचना देती हैए कि महाराज अयोध्या का राज.पाट अपने प्रिय पुत्र श्रीराम को देने का मन बना रखे हैए पूरी अयोध्या में राजतिलक की तैयारी हो रही है तथा पूरा नगरवासी खुशियों से झूठ उठते है। दासी ने कहा कि अगर महाराज दशरथ द्वारा राम को अयोध्या का राज मिल गया तो आपका अस्तित्व गिर सकता है। अतः सारे वस्त्राभूषण उतारकर कोपभवन में फेककर जमींन पर लेट जाइयेए दासी के इस बात को सुनकर कैकेयी को भवन में जाकर जैसा मंथरा ने कहा वैसा ही किया अतः दासी के कथनानुसार महारानी कैकेयी कोप भवन में चली जाती है। इस अवसर पर कमेटी के मंत्री ओमप्रकाश तिवारीए उपमंत्री लवकुमार त्रिवेदीए प्रबन्धक विरेश राम वर्माए उप प्रबन्धक मयंक तिवारीए कोषाध्यक्ष रोहित कुमार अग्रवालए राजेश प्रसादए अशोक अग्रवाल उपस्थित थे।

## गाजीपुर में डीएम और एसपी ने प्रधान और महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित कर किया रैली को रवाना



गाजीपुर। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिला अपराधों की रोकथाम और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार द्वारा मिशन शक्ति के तहत चलाए जा रहे अभियान के चौथे चरण के शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेश के समस्त जनपदों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने मिशन शक्ति फेज.4 का शुभारम्भ लखनऊ से किया। जिसका लाईव प्रसारण जनपद के पुलिस लाईन सभागार मे शनिवार को देखा व सुना गया। इसी बीच जनपद के पुलिस लाइन सभागार मे मिशन शक्ति नारी शक्तिए नारी सम्मानए नारी सुरक्षा के संबंध में भव्य जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरीए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंहए पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवतंए पूर्व विधायक जमानियां सुनीता सिंहए अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवालए ब्लाक प्रमुख मरदहए आगनबाडीए आशा अध्यापक व महिला आरक्षी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। लूर्दस कान्वेंट के बालिकाओ द्वारा स्वागत गीत एवं मिशन शक्ति पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी गयी तथा महिला कल्याण विभाग की मार्शल आर्ट ट्रेनरो द्वारा महिला आत्म रक्षा हेतु प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रो मे किये गये अच्छे कार्यो के लिए चयनित महिला शक्ति को अंगवत्रम एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के ससुर का निधन

गाजीपुर। जनपद की जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह के ससुर एवं जनपद के प्रतिष्ठित व्यवसाई शिवशंकर सिंह 84 वर्ष का शनिवार पुर्वाह्न 9 बजे हृदय गति रूकने से उनके सैदपुर स्थित कौशिक निवास पर निधन हो गया। वो लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। निधन की खबर से मिलते ही शुभचिंतकों एवं भारतीय जनता पार्टी सहित जिले में शोक की लहर व्याप्त हो गई। जिनकी अंत्येष्टि उसी दिन साम ही जौहरगंज स्थित श्मशान घाट पर अपराह्न मे सम्पन्न हुई। मुखाग्नि पोते आयुष सिंह ने दिया। उनकी अंत्येष्टि में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंहए लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी रायएपुर्व जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंहए जिला महामंत्री प्रवीण सिंहएदयाशंकर पांडेयए ब्लाक प्रमुख राजन सिंहएडा प्रदीप पाठकए जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त भाजपा व अन्य दलों के नेता कार्यकर्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## भूमि-पूजन कर किया गया रामलीला महोत्सव का भव्य शुभारंभ



गरसहायगंज (कन्नौज)। श्री आदर्श रामलीला समिति पुरानी गल्ला मंडी के पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला महोत्सव का शुभारंभ भूमि पूजन के साथ किया गया। पंडित राकेश चन्द्र शास्त्री ने विधि विधान के साथ भूमि पूजन कराया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता नें नागरिकों से आदर्श रामलीला मंचन स्थल पर पहुंचने की अपील की। शनिवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित रामलीला मैदान में आदर्श रामलीला समिति के पदाधिकारियों एवं नागरिकों के साथ पहुंचे अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता को पंडित राकेश चन्द्र शास्त्री ने विधि विधान के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणेश पूजा के बाद भूमि पूजन कराकर रामलीला महोत्सव का शुभारम्भ किया। इसके बाद कमेटी के अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता नें जानकारी देते हुये बताया कि 19 अक्टूवर को कमेटी के तत्वाधान में भगवान श्री राम की भव्य बारात निकाली जायेगी एवं 24 अक्टूबर को रावण पुतला दहन का मंचन होगा।

## आपसी विवाद में की अपने भाई की हत्या : आरोपी गिरफ्तार

बिजनौर। बिजनौर जिले के धामपुर क्षेत्र में शराब पीने के दौरान आपसी झगड़े के दौरान एक व्यक्ति ने अपने बड़े भाई की सिर पर कथित रूप से डंडा मारकर हत्या कर दी।पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत सोनकर ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि धामपुर थाना क्षेत्र के मिलक तखावली गांव की संतोष देवी ने तहरीर दी कि 13।14 की दरम्यानी रात उसके पति सतपाल सिंह (45) और देवर गजराज के बीच शराब पीते समय झगड़ा हो गया और गजराज ने उनके पति के सिर पर डंडा मार दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।पुलिस ने मामला दर्ज कर गजराज को गिरफ्तार कर लिया है।सोनकर के मुताबिक गजराज ने पुलिस को बताया कि शराब पीने के दौरान उसकी अपने भाई सतपाल से कहासुनी हो गई थी और उसने डंडे से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी एवं शव घर से थोड़ी दूर फेंक दिया।

## नक्सलियों-आतंकियों को हथियार आपूर्ति करने में सुरक्षाकर्मियों समेत 24 को 10 साल की सजा

### जिला सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश विजय कुमार ने बृहस्पतिवार को आरोपियों को दोषी ठहराया और शुक्रवार को फैसला सुनाया

**रामपुर।** रामपुर की एक अदालत ने 2010 में अपराधियों, नक्सलियों और आतंकवादियों को हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करने के जुर्म में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो हवलदारों एवं अन्य सुरक्षाकर्मियों सहित 24 लोगों को 10 साल की सजा सुनाई है और उनमें से प्रत्एक पर 10-10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) प्रताप सिंह मौर्य ने शनिवार को बताया कि जिला सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश विजय कुमार ने बृहस्पतिवार को आरोपियों को दोषी ठहराया और शुक्रवार को फैसला सुनाया। मौर्य ने बताया कि मामले के मुख्य आरोपी यशोदानंद की मुकदमे की सुनवाई के दौरान ही मृत्यु हो गई थी। वह इलाहाबाद (जिसे अब प्रयागराज कहा जाता है) में उप्र पुलिस का सेवानिवृत्त उप-निरीक्षक था।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि जिन अन्य लोगों को सजा सुनाई गई, उनमें विनोद पासवान और विनेश कुमार (दोनों सीआरपीएफ में हवलदार), नाथीराम (कांस्टेबल, जो पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज, मुरादाबाद में तैनात था), कांस्टेबल राम किशन शुक्ला, रामकृपाल, सुशील कुमार मिश्रा, जितेंद्र कुमार सिंह, राजेश शाही, अमर सिंह, वंश लाल, अखिलेश कुमार पांडे, अमरेश मिश्रा, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, मनीष राय, मुरलीधर शर्मा, विनोद कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राज्य पाल सिंह, लोकनाथ, बनवारी लाल, आकाश, दिलीप राय और शंकर शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि इनमें से दिलीप राय, आकाश, मुरलीधर शर्मा और शंकर आम नागरिक हैं अभियुक्तों में से चौदह व्यक्ति वर्तमान में उत्तर पुलिस और पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) में सेवारत हैं। मौर्य कहा कि ए सभी जमानत पर थे और अदालत ने अपना फैसला सुनाने के लिए उन्हें हिरासत में ले लिया था और दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। घटना के बारे में विस्तार से बताते हुए एडीजीसी ने कहा कि 10 अप्रैल 2010 को पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने रामपुर जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ज्वाला नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास से सीआरपीएफ के दो हवलदारों को गिरफ्तार किया और उनके पास से उसने एक इंसास राइफल, कारतूस और नकदी बरामद की।मौर्य ने बताया कि उसके बाद इन दोनों से मिली जानकारी के आधार पर एसटीएफ ने यशोदानंद (सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक) और मुरादाबाद पुलिस प्रशिक्षण कॉलेज में तैनात कांस्टेबल नाथीराम को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि 29 अप्रैल 2010 को एसटीएफ के आमोद कुमार ने एक मामला दर्ज कराया था जिसमें तीन लोगों यशोदानंद, विनोद पासवान और विनेश कुमार को नामजद किया गया था। उनके अनुसार यशोदानंद के पास से 1.75 लाख रुपए बरामद किए गए तथा उसके बाद उनकी निशानदेही पर नाथीराम को पीटीसी मुरादाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया और उससे भी बरामदगी की गई एवं उसके खिलाफ मुरादाबाद में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। मौर्य के मुताबिक छानबीन के दौरान नाथीराम के पास से एक डायरी बरामद हुई और उस डायरी के आधार पर जांच के दौरान 21 अन्य को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में कुल 25 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी जिनमें यशोदानंद की सुनवाई के दौरान मौत हो जाने से शेष 24 आरोपियों को सजा सुनाई गई।

## भदोही में 13 किलोग्राम सोने के बिस्कुट के साथ तस्कर गिरफ्तार

**भदोही।** भदोही में पुलिस ने सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह के दो तस्करों को 13 किलोग्राम सोने के बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने शनिवार को दी। पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यान के मुताबिक, शुक्रवार देर रात राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने जिला पुलिस को सूचना दी कि तीन तस्कर एक कार में भारी मात्रा में सोने के बिस्कुट लेकर कहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि हालांकि, तस्करों को पुलिस कार्वाई की भनक लग गई। उन्होंने कहा कि तस्कर जिले के अंदर प्रवेश कर गए और रजपुरा मोड़ के पास वाहन खड़ा कर सामान लेकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार तस्करों के भागने के बाद एसपी कात्यायन ने जिले के कई स्थल पर बैरियर लगाने का आदेश दिया। पुलिस के अनुसार इसके बाद पुलिस, एसओजी और डीआरआई के जवानों के एक दल ने दो तस्करों को 13 किलोग्राम सोने के बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया।

## भदोही में प्रेत बाधा दूर करने के नाम पर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

भदोही। जिले के कोइरौना थानाक्षेत्र मे एक मंदिर मे प्रेत बाधा दूर करने के नाम पर कथित तौर एक व्यक्ति ने एक युवती से दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।भदोही की पुलिस अधीक्षक (एसपी) मीनाक्षी कात्यायन ने शनिवार को बताया कि मिर्ज़ापुर का एक परिवार यहां कुछ दिनों पहले सीतामढ़ी दर्शन करने आया था जहां मोतीलाल (52) ने परिवार की 18 साल की युवती पर प्रेत बाधा होने का दावा किया।एसपी ने बताया कि मोतीलाल ने इसका विशेषज्ञ होने का दावा करते हुए उसके पिता को झाड़फूंक कर प्रेत भगाने का आश्वासन दिया। पुलिस के अनुसार इसके लिए मोतीलाल ने चार हज़ार रुपए (पूजा सामग्री के लिए) मांगे और युवती को साथ लेकर आने को कहा।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को जब युवती अपने पिता के साथ वहां पहुंची तब मोती लाल उसके बताया कि बृहस्पतिवार शाम को जब युवती अपने पिता के साथ वहां पहुंची तब मोती लाल उसके पिता को वहीं रुकने के लिए कहकर उसे एक बाइक से दरवासी गांव स्थित हनुमान मंदिर के पीछे बने कमरे में ले गया।कात्यायन के अनुसार उस कमरे में मोतीलाल ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और तीन घंटे बाद उसे बाहर लाकर दूसरे दिन पुनः पूजा की बात कही। पुलिस के मुताबिक मोतीलाल ने युवती को दुष्कर्म की बात किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

## चेतक हेलीकाप्टर आपात स्थिति में उतरा

प्रयागराज। भारतीय वायुसेना का एक चेतक हेलीकाप्टर यहां गंगापार होलागढ़ थाना क्षेत्र में एक खेत में शनिवार को आपात स्थिति मे उतरा। हालांकि, इस घटना में किसी को कोई नुकसान पहुंचने की सूचना नही है। रक्षा विभाग के एक जनसंपर्क अधिकारी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है, भारतीय वायुसेना का एक चेतक हेलीकाप्टर आज एहतियाती तौर पर सुरक्षा के तहत होलागढ़ में उतरा। यह हेलीकाप्टर नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था। उसमें कहा गया है, इस घटना मे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के बाद वह हेलीकाप्टर वापस अपने गंतव्य को चला गया।

## समाधान दिवसः दो मामले ही निपटे

### शासन की मंशानुसार कार्य करके पीडितों को न्याय दें:तहसीलदार

**गुरसहायगंज** (कन्नौज)। शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में छिबरामऊ तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिसमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित किया गया।



शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में छिबरामऊ तहसीलदार अभिनव वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 12 राजस्व, चार पुलिस संबंधित कुल 16 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं जिसमें से एक पुलिस संबंधित एवं एक राजस्व से संबंधित शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थ कर्मियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान तहसीलदार ने कहा कि अधीनस्थ कर्मी शासन की मंशानुसार कार्य कर के पीड़ितों को न्याय प्रदान करें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा, कस्बा प्रभारी अजब सिंह, उप निरीक्षक ओमपाल सिंह पुंडीर, रामसेवक वर्मा, चंद्रभान सिंह, हेड मोहर्रिर राघवेंद्र सिंह, देव सिंह, सुधीर चौहान, डेविड कुमार सहित तमाम राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## समाज के कमजोर व असंगठित वर्गों के कल्याण के लिए भाजपा सदैव रहती है समर्पितः सुनील सिंह

गाजीपुर। जनपद में उ प्र प्रजापति कुम्हार संघ द्वारा शनिवार को श्री राम जानकी मंदिर रौजा पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत अभिनन्दन किया गया। उ प्र प्रजापति कुम्हार संघ के जिलाध्यक्ष व भाजपा कार्यालय मंत्री राजन प्रजापति के



नेतृत्व में सुनील सिंह को अंगवस्त्रए स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुनील सिंह ने कहा कि समाज के सबसे कमजोर और असंगठित वर्गो के कल्याण के लिए भारतीय जनता पार्टी ने सदैव समर्पित रुप से काम किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अकेला ऐसा राजनैतिक दल है जो समाज के अत्यंत कमजोर वर्ग के लोगों के जीविकोपार्जन के प्रति प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से ध्यान दिया है। लोकसभा संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में समाज का हर वर्ग सम्मान से जीवन यापन कर रहा है।आज सबका साथ सबका विकास कि भावना से चल रही सरकार की विभिन्न योजनाओं से हर व्यक्ति को लाभान्वित होने तथा समाज कि मुख्यधारा से जुडने का सम्मान मिला है। कार्यक्रम संयोजक राजन प्रजापति ने सबके प्रति धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ राजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता में खागा अव्वल, खजुआ द्वितीय

फतेहपुर। 67वीं जनपदीय विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन सभी खेलों का अंतिम मुकाबला हुआ। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान हासिल करने वाले बालक व बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। शांतीनगर स्थित स्टेडियम में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतिम दिन बालक एव बालिका वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक खेल आयोजित हुए। समापन में अपर जिलाधिकारी द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वालों में सीनियर चैंपियनशिप बालक वर्ग में आदित्य सिंह खागा ज़ोन, जूनियर चैंपियनशिप में अक्षय कुमार जयरामपुर ज़ोन, मिनी चैंपियनशिप गुलशन, बालिका वर्ग सीनियर चैंपियनशिप शालिनी सिंह, जूनियर चैंपियनशिप में प्रतिज्ञा खजुआ ज़ोन, मिनी जूनियर चैंपियनशिप में राधा जहानाबाद ज़ोन, आल ओवर चैंपियनशिप में खागा ज़ोन ने सबसे अधिक अंक हासिल कर प्रथम स्थान हासिल किया। वही 129 अंक हासिल कर खजुआ द्वितीय स्थान, जहानाबाद सौ अंक के साथ तृतीय, धाता 84 अंक हासिल कर चतुर्थ स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी द्वारा विजेताओं को मेडल पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सममानित किया गया। इस मौके पर विद्यालयों के व्यायाम प्रशिक्षक एव अन्य अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

## सिर्फ कागजों पर दिखाई दे रहा भाजपा सरकार का विकासः रामआसरे

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी फैजाबाद अयोध्या पहुंचे विश्वकर्मा महासम्मेलन मे बतौर मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा ने भाजपा सरकार पर जमकर बोला हमला कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिल पा रही है । रोजगार का साधन भी नहीं मुहैया हो पा रहा है । भगवान विश्वकर्मा की छुट्टी भी काट दी गई है । उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज की पहचान को समाजवादी पार्टी की सरकार में नेताजी मुलायम सिंह यादव व अखिलेश यादव ने बनाया था । भाजपा उस पहचान को मिटा रही है । भाजपा का विकास कहीं दिखाई नहीं दे रहा



है । भाजपा सरकार का विकास सिर्फ कागजों पर दिखाई दे रहा हैं । उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना होनी चाहिए उसी के आधार पर सभी जातियों का सम्मान होना चाहिए । उन्होंने कहा की अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र जी का मंदिर बन रहा है हम सभी लोग स्वागत करते हैं और हम चाहते हैं अयोध्या में भगवान विश्वकर्मा का मंदिर भी बने ।सपा के राष्ट्रीय महासचिव विधायक पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने कहा कि सपा सरकार में सभी वर्गों के लिए विकास का कार्य किया था । सपा सरकार में महिलाओं को पेंशन बेरोजगारी भत्ता दवाई व जांच फ्री सहित तमाम योजना जनता को मिल रही थी लेकिन इस सरकार ने सभी योजनाओं को बंद कर दिया है । सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जीतकर देश में इंडिया गठबंधन की सरकार अखिलेश यादव के सहयोग से बनाना है ।पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में विश्वकर्मा समाज के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई थी । जो वर्तमान में भाजपा सरकार ने सारी योजनाओं को बंद कर दिया । विधायक अभय सिंह ने कहा कि आने वाली लोकसभा चुनाव में आम जनता समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव जीता कर लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की गठबंधन की सरकार बनाएगी ।

# अस्सी महिलाकर्मियों को किया गया सम्मानित

- **कलेक्ट्रेट में हुई सीएम कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग**
- **नारी के सम्मान से ही देश का गौरव बढ़ेगा : केंद्रीय मंत्री**
- **केंद्रीय मंत्री ने की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की वॉच लॉन्चिंग**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जिला** प्रशासन के तत्वावधान में शनिवार को मिशन शक्ति के चतुथे चरण की शुरुआत पर कलेक्ट्रेट में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई, जिसमें सीएम के उद्बोधन को देखा और सुना गया।

केंद्रीय मंत्री ने डीएम, एसपी, सीडीओ संग बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना के तहत वॉच की लांचिंग की। केंद्रीय मंत्री ने उत्कृष्ट कामकाज वाली माध्यमिक विद्यालयों की प्रधानाचार्य डॉ शालिनी दुबे, डॉ मीनाक्षी तिवारी, डॉ ज्योति तिवारी, सीमा टंडन, भारती जायसवाल, शिप्रा बाजपेई समेत पुलिस, महिला कल्याण, चिकित्सा, राजस्व, पंचायतीराज, बाल विकास एवं महिला कल्याण, माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा सहित विभिन्न विभागों की 80 महिला कार्मिकों को सम्मानित किया।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए ढ़ण संकल्पित है। महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं स्वावलंबन के लिए नित नए कदम उठा रही है।



नारी के सम्मान से ही देश का गौरव बढ़ेगा। मिशन %शक्ति% को सफलता के आयाम तक पहुंचाए जाने में सबका सहयोग अपेक्षित है। महिलाएं जितना सशक्त होंगी, उतनी ही तीव्रता के साथ सशक्त समाज की स्थापना होगी। पीएम ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने को अनेक योजनाएं चलाई, ताकि महिलाओं की क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में हो सके। सरकार ने गृह मंत्रालय में वूमेन सेफ्टी के लिए एक अलग डिवीजन बनाया। प्रत्येक थाने में महिला डेस्क की स्थापना कराई और महिलाओं की सुरक्षा, जागरूकता के लिए टोल फ्री सर्विसेज शुरू की। महिलाओं को शैक्षिक एवं स्किल डेवलपमेंट के लिए महिलाओं को एनआरएलएम से जोड़ा। जनधन खातों से महिलाओं को बैंकों से ही नहीं बल्कि हर योजना में प्रमुखता से जोड़ा। आज समाज के प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की उपस्थिति दिख रही। दुनिया में भारत की छवि बढ़ती जा रही है, उसमें महिलाओं की बड़ी भूमिका है। पीएम की सोच है कि महिलाएं आगे बढ़े। पं. दीनदयाल जी के दर्शन में उल्लेख है कि जबतक महिला सशक्तिकरण नहीं बढ़ेगा, तबतक भारत पुराना वैभव प्राप्त नहीं करेगा।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मिशन शक्ति की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। महिलाएं अपनी शक्ति को पहचानें। नारियों को मजबूत करने के लिए सरकार नित नए कदम उठा रही। उन्होंने आज सम्मानित होने वाली महिला कार्मिकों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कार्यक्रम के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि महिलाएं दृढ संकल्पित होकर किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकती है। अंधकार तभी छूटेगा जब समाज में महिलाओं और बच्चियों के प्रति भेदभाव खत्म होगा।

# मिशन शक्ति के तहत निकली जागरूकता रैली

**संवाददाता।** निघासन-खीरी



**जिला** बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देशानुसार तथा नवागत बीईओ फूलचंद गौतम के कुशल मार्गदर्शन में स्थानीय विकास क्षेत्र के संविलियन विद्यालय लुधौरी में मिशन शक्ति के अंतर्गत बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

गौरतलब है कि बालिकाओं को हर मुश्किल का सामना करने हेतु सक्षम बनाने के लिए सरकार द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है इसी परिप्रेक्ष्य में संविलियन विद्यालय लुधौरी के बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई ।

जागरूकता रैली के समापन के उपरांत प्रधानाध्यापक हरिनाम प्रसाद ने बच्चों विशेष तौर पर बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गम परिस्थितियों का सामना करने के लिए शासन द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को हर मुश्किल का सामना करने के लिए तैयार किया जा रहा है । प्रधानाध्यापक ने आगे कहा कि आज महिलाएं पुरुषों से कम नहीं है वे प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़ रही है और अपने देश का नाम रोशन कर रही हैं मिशन शक्ति कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को आत्मरक्षा के साथ साथ आत्मनिर्भरता के गुर सिखाए जाएंगे।

इस अवसर पर विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी सहायक अध्यापक विकास भारती , अरुण गुप्ता , सहायक अध्यापिका महेलिका रानी यादव , अनुदेशिका सीमा यादव शिक्षामित्र रीतू सिंह तथा संजीव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत ढखेरवा में छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**मिशन** शक्ति के तहत आज शनिवार सुबह 10 बजे पुलिस चौकी से जागरूकता रैली रवाना हुई। बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने रैली में प्रतिभाग किया। पढुआ थाना पुलिस के द्वारा आयोजित मिशन शक्ति फेस जागरूकता रैली को पुलिस क्षेत्राधिकारी निघासन राजेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारी पुलिस बल के साथ रैली पुलिस चौकी से चलकर चौराहे के विभिन्न मार्गो पर भ्रमण कर नारी शक्ति करण मिशन की अलख जगाई। रैली में इंद्र बहादुर इंटर कॉलेज ढखैरवा, श्री नेहरू शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज सेमरा बाजार, बांके बिहारी इंटर कालेज खरवहिया तथा सरदार पटेल आदि कई विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। जागरूकता रैली में बड़ी संख्या में शिक्षिकाओं और महिला सिपाहियों ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से एसओ हनुमंत लाल तिवारी के नेतृत्व में रैली के आगे और पीछे बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# खीरी में मिशन शक्ति 4.0 का जोरदार आगाज

- **शहर में निकली महिला सशक्तिकरण रैली बेटियों के अधिकार, नारी शक्ति का दिया संदेश**

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**खीरी** में मातृ शक्ति के सम्मान, सुरक्षा, स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चतुथे चरण का कलेक्ट्रेट में शुभारंभ हुआ। परिषदीय स्कूलों की छात्रा ने सतरंगी गुब्बारो को आकाश में छोड़कर विधायक योगेश वर्मा एवं डीएम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के संग अभियान की जोरदार शुरुआत की। शहर में जहां एक और जागरूकता के लिए महिला सशक्तिकरण रैली निकाली गई। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने बेहतर कामकाज करने वाली 80 महिला कार्मिकों को सम्मानित किया गया।

शनिवार को विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने भाजपा नेता आशू मिश्रा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह एडीएम संजय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह के साथ कलेक्ट्रेट से नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति के चौथे चरण का आगाज महिला सशक्तिकरण रैली को रवाना कर किया, जो शहर के लोहिया तिराहा, जिला कारागार, महिला चिकित्सालय, जीआईसी, रोडवेज, हीरालाल धर्मशाला, संकटा देवी, सदर चौराहा, मेनरोड से होते हुए विलोबी हाल पर समाप्त हुई। रैली के जरिये केंद्र और राज्य सरकार की ओर से महिलाओं-बेटियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, डीपीओ संजय निगम, डीपीओ (आईसीडीएस) भारत प्रसाद, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

महिला सशक्तिकरण रैली में सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर आकर्षण का केंद्र रहा। इस रैली में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रथ, डायल-112, पीआरवी वाहन, एम्बुलेंस, रंग-बिरंगे गुब्बारों से सुसज्जित दोपहिया वाहनों पर महिला पुलिसकर्मी, महिला कार्मिक सहित नगर के जीजीआईसी, अब्दुल कलाम कन्या इंटर कॉलेज, गुरुनानक विधिक सभा इंटर कॉलेज, कुंवर खुशवतराय बालिका इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्यकन्या डिग्री कॉलेज व इंटर कॉलेज, सनातन धर्म सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, जिला मुख्यालय के परिषदीय विद्यालयों की बड़ी संख्या में बालिकाएं एवं महिलाएं शामिल रहीं।

## क्विक न्यूज

### केबाईसी को लेकर दिए गए निर्देश

**कोंच(जालौन)।** शनिवार को खंड विकास कार्यालय में कृषि विभाग से जुड़े स्थानीय अधिकारियों, खंड विकास अधिकारी व रोजगार सेवकों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गयी जिसमें केबाईसी कार्य को लेकर जानकारी दी गयी। बैठक में उपस्थित रोजगार सेवकों को जानकारी देते हुए बीडीओ प्रतिभा शाल्य व कृषि विभाग के रामबाबू निरंजन ने कहा कि मोबाइल एप के माध्यम से सेसियाल ई- केबाईसी सभी पात्र किसानों की करायें ताकि पात्र सभी किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ बगैर किसी बाधा के प्राप्त हो सके। कृषि अधिकारियों ने रोजगार सेवकों को एप के बारे में कैसे कार्य किया जाये, बिंदुबार समझाया। बैठक में प्रदीप कुमार, विनोद कुमार सहित रोजगार सेवक गोपालदास लौना, जयंती बाबू पनयारा, राकेश घुसिया, केके बरोदा, उपेन्द्र कुमार बिरगुवां, रामलला कैंथी, रविन्द्र किशनपुरा, सुनील पाल भेंपता, चन्द्रशेखर धमसेनी, अशोक अमीटा आदि उपस्थित रहे।

### 3 थानों में आईं 11 शिकायतों में 3 का मौके पर निस्तारण

**कोंच(जालौन)।** लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान की शासन की मंशा के तहत महीने के दूसरे शनिवार को थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सर्किल के 3 थानों में कुल 11 शिकायतें आईं जिनमें 3 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया जबकि शेष के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है जो मौकों पर जाकर समस्याओं की प्रकृति देखकर उनका निस्तारण करेंगी। कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 4 शिकायतें आईं जिनमें 1 का तत्काल समाधान कर दिया गया। राजस्व से जुड़ी 3 समस्याओं के समाधान के लिए टीमें बनाई गई हैं। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, एसएसआई उदय प्रताप सिंह, लेखपाल चंद्रप्रकाश साहू, राजेंद्र वर्मा, महेशचंद्र, बालकृष्ण, रमेशचंद्र, दिनेश कुमार, नरेंद्रबाबू गुप्ता, पीयूष वर्मा, संजना कुमारी, आरती निरजंन, प्रेमकिशोर निरंजन, दिलीप पटेल, सीता तिवारी, हेमलता जोशी, कमलकांत, रामधीरज, अखिलेश कुमार आदि मौजूद रहे। कैलिया में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने समस्याएं सुनीं जिसमें 4 शिकायतों में 1 का मौके पर निस्तारण किया गया। नदीगांव थाने में तहसीलदार अभिनव तिवारी की अध्यक्षता में समाधान संपन्न हुआ जिसमें प्राप्त 3 शिकायतों में 1 का मौके पर निस्तारण किया गया।

### युवक पर नगदी व मोबाइल चोरी करने का आरोप

**कोंच(जालौन)।** गाँव के ही युवक पर नगदी व मोबाइल फोन चोरी कर भाग जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम फुलैला निवासी खेमचंद्र पुत्र देवेन्द्र प्रजापति ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह गोरखपुर में रहकर पानी पूरी का धंधा करता है। गत दिनों उसके कमरे पर गाँव का ही एक युवक पहुंचा। विश्वास में आकर उसने उक्त युवक को अपने कमरे में पनाह दे दी। इसी दौरान वह मौका पाकर कमरे में रखे 5 हजार रुपये व पत्नि का मोबाइल फोन चोरी कर कमरे से भाग गया जबकि अपना बैग कमरे पर ही छोड़ गया। उक्त मामले को लेकर पीड़ित खेमचंद्र ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगायी है।

### मिशन शक्ति फेस-4 की निकली जागरूकता रैली

**फतेहपुर।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान फेस-4 का कलेक्ट्रेट से जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने संयुक्त रूप से दो पहिया वाहनों, चार पहिया वाहनों को महिला सशक्तिकरण जन जागरूकता रैली को हरी झंडी व गुब्बारे छोड़कर रवाना किया। यह रैली कलेक्ट्रेट से पटेल नगर चौराहा, वर्मा तिराहा, ज्वालागंज चौराहा, बाकरगंज, सदर अस्पताल होते हुए पत्थरकटा चौराहा से कलेक्ट्रेट में समाप्त हुई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट में बनाए गए दुर्गा शक्ति सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी ली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी विनय पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रगति यादव, जिला विकास अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त एनआरएलएम सहित मातृशक्तिया उपस्थित रही।

### उपनिरीक्षक ने अराजक तत्वों को किया गिरफ्तार

**कुठौंद (जालौन)।** थाना सिरसा कलार क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉ. ईराज राजा के द्वारा अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थाना सिरसा कलार में तैनात उप निरीक्षक अभिलेख सिंह के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम द्वारा जनता इंटर कॉलेज के पास से आम रास्ते पर गाली गलौज कर रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ कर शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु निवारक कार्रवाई अंतर्गत धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी की कार्रवाई की गई जिससे थाना क्षेत्र में शांति कायम रहे।

# रामलीला का शुभारंभ आज

**मोहम्मदी।** श्री रामलीला का कल उदधाटन, गणेश पूजन और ध्वजारोहण से पूर्व अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा ने नगर पालिका सभागार में एक प्रेस वार्ता आयोजित की जिसमें उन्होंने कहा 15 अक्टूबर से श्री रामलीला की शुरुआत हो रही है ,सभी से सहयोग का अनुरोध किया, वहीं उन्होंने कहा कि इस बार मेले में मीडिया के बैठने की उचित व्यवस्था की जाएगी तथा मान सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा, मेले मे बैठने के लिऐ मीडिया हाऊस बनाया जाऐगे,वहीं उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि पूरे मेले में अराजक तत्वों के पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ,आप सभी से अनुरोध है कि मेले को और भव्य और खूबसूरत बनाने के लिए अपना सहयोग जरुर दें ,इस प्रेस वार्ता में मीडिया बधुओ के अतिरिक्त पीआर.ओ शिवनंदन रस्तोगी भी मौजूद रहे।

# देवता भी सदैव प्रभु से करते रहते हैं मनुष्य शरीर पाने की याचना

**संवाददाता।** ओयल-खीरी

**जयगुरुदेव** महाराज के उत्तराधिकारी पूज्य पंकज महाराज 48वें पड़ाव हेतु कल सायंकाल ''युवराज इण्टर कालेज, ओयल के मैदान पधारे। स्थानीय भाई-बहनों ने दीप प्रज्वलित कलशों, पुष्प वर्षा तथा गाजे-बाजे के साथ पूज्य महाराज जी का काफिला यात्रियों सहित भावपूर्ण स्वागत किया। आज यहां सत्संग समारोह का आयोजन हुआ।

अपना सत्संग सुनाते हुये पंकज जी महाराज ने कहा कि परमात्मा के वरदान स्वरूप हमको आपको यह मानव तन मिला है। यह देव दुर्लभ मानव तन है। देवता भी इस मनुष्य शरीर को पाने की याचना सदैव प्रभु से करते रहते हैं। इसी शरीर को किसी महात्मा ने उल्टा कुंआ की संज्ञा दी है। ''उल्टा कुंआ गगन में तिसमें जरै चिराग। तिसमें जरै चिराग बिना रोगन बिन बाती। छ: ऋतु बारह मास रहै जलतै दिन राती। इसी मानव तन में बिना तेल घी बाती का चिराग छ: ऋतुओं और बारहों महीने तक जलता रहता है। उसका भेद बिना सन्तों महात्माओं के नहीं मिल सकता। आपकी रामायण में भी लिखा है। कि ''परम प्रकाश रूप दिन राती, नहिं कछु चहिय दिया घृत बाती।'' महात्मा समझाते हैं कि यदि आप उस चिराग का भेद जानना चाहते हैं तो किसी पूरे गुरु, सन्त सतगुरु या फिर मुर्शिद कामिल की तलाशा करो। जिन्होंने अन्तरी साधना के द्वारा अपनी आत्मा को जगाकर परमात्मा का साक्षात्कार कर लिया हो। यह असंभव नहीं है। परमात्मा है, मरने के पहले मिलता है। मरने के बाद नहीं। इसके लिये भेदी गुरु का मिलना जरूरी है। ''भेदी लीजै साथ करि, दीनी वस्तु लखाय। कोटि जनम का पंथ था, पल में पहुंचा जाय।''



यह रास्ता शब्द का है। शब्द बिना सुरत आंधरी कहो कहां को जाय। राह न पावै मुक्ति का, पुनि-पुनि भटका खाय।'' शब्द मार्गी गुरु हमको बताते हैं कि इसी मनुष्य शरीर में दोनों आंखो के मध्य भाग में प्रभु के पास जाने का एक दरवाजा है। सुमिरन, ध्यान, भजन के द्वारा ही उस दरवाजे के अन्दर प्रवेश संभव है। रास्ता सच्चा है करोगे तो आपको भी अनुभव होगा और जीते जी उसी अन्दरूनी आंख से भगवान राम के, कृष्ण के, हनुमान व शंकर के दर्शन किये जा सकते हैं जिन्होंने देखा उन्होंने लिख दिया कि ''घट में राम निहारा साधो। घट में राम निहारा। यहि घट भीतर मथुरा नगरी, जहां कृष्ण अवतारा। अजी! घट में राम निहारा। साधो घट में राम निहारा''। इसीलिये इस मनुष्य शरीर को हरि मन्दिर भी कहा गया है। इसमें प्रभु का जीता जागता अंश विराजमान है। हमारे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने जयगुरुदेव नाम को जगा कर देश के कोने-कोने में इसका प्रचार करके, नामदान देकर, करोड़ों लोगों को उनकी बुरी आदतों, गन्दे खान-पान को छुड़ाकर उनके हाथों में माला पकड़ा दी और उनका जीवन बदल दिया। आज वे सब ''गृहस्थ साधु'' के रूप में समाज में जगह-जगह देखे जा सकते हैं। मैं भी उन्हीं के दिशा निर्देशों के अनुसार जनजागरण में लगा हूं। इसी संकल्प के साथ 108 दिनों की जनजागरण यात्रा लेकर निकला हूँ।

वर्तमान समय में समाज में फैली कुरीतियो, अपराधों की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिन्ता व्यक्त करते हुये पंकज जी ने कहा कि शिक्षा के होते हुये, संस्कारों के अभाव में वर्तमान की युवा पीढ़ी दिशाहीन होती जा रही है। जबकि यही युवा देश की व अपने माता पिता की धरोहर हैं, पहचान हैं। हमारी समाज के प्रबुद्धजनों से, समाज सेवियों से, धार्मिक जनों से यह अपील है कि आप अपने घरों के इन होनहार युवाओं को शाकाहारी बनायें और नशों की गिरफ्त में आने से बचायें ताकि इनकी आंखों में मां बहन बेटी की पहचान कायम हो और एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके। पुलिस प्रशासन का शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था स्थापति करने में सहयोग रहा। उन्होंने आगामी 20 से 24 दिसम्बर तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में आयोजित होने वाले 75वें पावन वार्षिक भण्डारा सत्संग मेला में आने का निमन्त्रण दिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष लखीमपुर खीरी मनोहर सिंह, उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव, जिला व्यवस्थापक सियाराम यादव, ब्लाक अध्यक्ष शिव बालक, प्रबन्धक युवराज इण्टर कालेज विष्णु नारायण दत्त सिंह, प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद वर्मा, सहयोगी संगज मीरजापुर के जिलाध्यक्ष घूरन प्रसाद, जयेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट, नारायणपुर ब्लाक के अध्यक्ष महेश सिंह, अंकित पाल आदि के साथ-साथ संस्था के कई पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# सुरेश खन्ना ने किया मिशन शक्ति 4 का शुभारंभ

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**गांधी** भवन में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में मिशन शक्ति फेस 4 का शुभारंभ किया गया। मिशन शक्ति का थीम %नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन %है। कार्यक्रम की शुरुआत वित्त मंत्री ने माता सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन करके की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कुछ बच्चों द्वारा डॉ. आनंदीबेन पटेल के जीवन पर आधारित एक एकांकी को भी प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने अपने अभिभाषण में सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला योजनाओं के संबंध में बताया, उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण हेतु सरकार कुल 18 योजनाएं चल रही है जिनमे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बीसी सखी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर पर शासन की योजनाओं को लागू करने के लिए



कुल 38 कर्मचारी कार्यरत है यदि ये सभी पूरी तत्परता से कार्य करें तो ग्रामीण स्तर पर इन महत्वपूर्ण योजनाओं का 100त्न इंप्लीमेंटेशन कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने अपने संबोधन में महिला बीट आरक्षी की कार्यशैली और उसकी उपयोगिता के विषय में बताया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मिशन शक्ति फेस 4 के प्रचार प्रसार हेतु एक प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई।

वित्त मंत्री ने अपने उद्बोधन में बताया कि सरकार के द्वारा पिछले कई वर्षों में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को समाज में नंबर 2 का दर्जा देने वाली मानसिकता में बदलाव आ रहा है। यह बदलाव महिला आरक्षण एक्ट जैसी सरकार की अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं तथा नीतियों का परिणाम है। मंत्री ने अपने दावों के समर्थन में कई आंकड़े भी प्रस्तुत किये, उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 3195 एंटी रोमियो स्क्वायड गठित किया जा चुके हैं। निराश्रित महिलाओं के लिए 1000 प्रति माह की पेंशन की भी व्यवस्था की गई है। तथा इससे अब तक 31 लाख 50 हजार महिलाएं लाभान्वित हो चुकी है। सामूहिक विवाह योजना के द्वारा कुल 227394 जोड़े विवाह के बंधन में बन चुके हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मंत्री ने सम्मानित भी किया। पुलिस विभाग से गीता तथा नीलम तोमर, सफाई कर्मचारी सुनीता तथा संगीता, बी सी सखी सोनी, डीआईओएस ऑफिस में कार्यरत नेहा मिश्रा, चिकित्सा विभाग में कार्यरत पूनम तथा अनीता मौर्या को सम्मानित किया। मिशन शक्ति फेस 4 के शुभारंभ के इस कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, महापौर अर्चना वर्मा, राज्य सभा सांसद मिथिलेश कठेरिया, सांसद अरुण कुमार सागर, डीएम उमेश प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, सीडीओ श्याम बहादुर सिंह, एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह समेत अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में मृतक बेटे ने रिपोर्ट दर्ज करने दी तहरीर

**कोंच( जालौन )।** गत रोज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेंड़ में एक सड़क दुर्घटना में कुचलकर मृत हुए व्यक्ति के बेटे ने टक्कर मारने वाली गाड़ी के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने के लिए पुलिस को तहरीर सौंपी है। ग्राम भेंड़ निवासी रामू वर्मा ने शनिवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 12 अक्टूबर की सुबह करीब 7 बजे उसके पिता गुलाब सिंह और गाँव के ही कल्याण सिंह टहलने के लिए निकले थे तभी गाँव से बाहर स्थित कोल्ड स्टोरेज के समीप तेज रफ्तार एक चौपहिया गाड़ी ने सड़क किनारे चल रहे उक्त दोनों को बुरी तरह कुचल दिया था। इस दुर्घटना में उसके पिता गुलाब सिंह की मौत हो गयी थी जबकि कल्याण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। रामू ने बताया कि बस स्टेंड पर सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है जिसमें टक्कर मारने वाली गाड़ी घटना से ठीक 2 मिनट पहले निकलती हुई नजर आ रही है और 2 मिनट बाद ही उक्त घटना घटित हुई है।

# तहसीलदार ने थाना दिवस में सुनीं समस्याएं

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)

- **आठ में तीन शिकायतों का तत्काल प्रभाव से किया मौके पर निस्तारण**
- **नगर पालिका के गौशाला के ठेकेदार के द्वारा 14 हजार रुपये का उधार में भूसा खरीदा गया था**

**शनिवार** को तहसीलदार शेर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस कालपी में राजस्व संबंधी 8 प्रकरण फरियादियों के द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिसमें तीन मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

कोतवाली कालपी के सभागार में नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर, अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह की मौजूदगी में सुबह 10 बजे से शुरू हुए थाना समाधान दिवस में कालपी के मोहल्ला रावगंज निवासी फूल सिंह पुत्र मुकुंदी ने प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया की प्रार्थी की भूसे की दुकान पचपिण्डा देवी मंदिर के पास स्थित है, नगर पालिका के गौशाला के ठेकेदार के द्वारा 14 हजार रुपये का उधार में भूसा खरीदा गया था। लेकिन ठेकेदार अब भूसे की रकम को नहीं दे रहा है। शुगर सिंह पुत्र परशुराम निवासी हर्रायपुर ने शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया के प्रार्थी के पट्टे वाली जमीन पर विपक्षी कब्जा करने में हस्तक्षेप कर रहे हैं। कैलाश बाबू पुत्र लल्लू आरोप लगाया कि प्रार्थी की जमीन में विपक्षी बुवाई नहीं करने दे रहे तथा गाली-गलौज हैं। इसी प्रकार राम बहादुर पुत्र स्व. शोभरांत सिंह निवासी ग्राम बरहई के द्वारा जमीन की नाप करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। लालदास पुत्र पुत्तीलाल निवासी देवकली ने पट्टे की जमीन के मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। सावित्री देवी पत्नी धर्मेंद्र सिंह के द्वारा हिस्से वाली जमीन में विपक्षियों के द्वारा हस्तक्षेप करने की शिकायत प्रस्तुत की गई है। शिवराम पुत्र लखन निवासी ग्राम देवपुरा शिकायत प्रस्तुत की है कि पड़ोस में रहने वाले विपक्षी आम रास्ते की जमीन में कटिया मशीन लगाकर मार्ग को अवरुद्ध पैदा कर रहे हैं। उन्होंने चारा मशीन हटाने की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर की माने तो आठ मामले प्रस्तुत किए गए थे, जिनमें तीन प्रकरणों का मौके पर निस्तारित कर दिया गया है। वहीं अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफ की माने तो अन्य मामलों को निपटाने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम को शिकायतों को निपटाने के लिए मौके पर भेजा गया है। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह, लेखपाल प्रमोद दुबे, जितेंद्र कुमार सिंह, राहुल कुमार, अभिषेक यादव, सुमित यादव, रवि कुमार, संजय प्रमोद कुमार, विजय आनंद, रश्मि गौतम, सचिन गुप्ता, प्रशांत गौतम के अलावा अनुराग कुमार सिपाही महाराज सिंह एवं राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# फलस्तीनियों का उत्तरी गाजा से पलायन

## ● राफा सीमा से विदेशी नागरिकों की निकासी पर समझौता

**भाषा।** दीरअल बलाह (गाजा पट्टी)



**इजराइल** की सेना ने कम से कम 10 लाख फलस्तीनियों को उत्तरी गाजा को खाली करके सुदूर दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया, जिसके बाद लोगों ने बड़ी संख्या में क्षेत्र से पलायन शुरू कर दिया है। नागरिकों से निकलने के लिए इजराइल की चेतावनी के बीच, जमीनी कार्वाई की आशंका बढ़ गई है। वहीं, मिस्र के अधिकारियों ने कहा कि विदेशी नागरिकों को बाहर निकलने की अनुमति देने के लिए दक्षिणी राफा सीमा कई दिनों में पहली बार शनिवार के बाद खुलेगी। इजराइल ने कहा है कि फलस्तीनी स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक सुरक्षित रूप से दो मुख्य मार्गों से यात्रा कर सकते हैं। इजराइल की ओर से शुक्रवार को जारी हमलों के बीच लोग कार, ट्रक और खच्चरों पर परिजनों के अलावा जरूरत का कुछ सामान लाद कर दक्षिण में मुख्य सड़कों की तरफ निकल पड़े। हालांकि, हमास ने गाजा के निवासियों से अपने घरों में ही रहने का आग्रह किया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य सहायता समूहों ने कहा है कि इतनी तेजी से पलायन से अनगिनत मानवीय पीड़ा होगी, अस्पताल के मरीज़ और अन्य लोग स्थानांतरित होने में असमर्थ होंगे। हजारों फलस्तीनी पहले ही दक्षिण की ओर जा चुके हैं। लेकिन आबादी का बड़ा हिस्सा 20 किलोमीटर दूर तक फैला हुआ है। हवाई हमलों से कई सड़कें ध्वस्त हो गईं और ईंधन की भी कमी हो गई है। हजारों लोग निकासी क्षेत्र के दक्षिण में दीर अल-बलाह में संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित स्कूल-आश्रय में गए हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने आतंकवादियों के सफाए के लिए गाजा में अस्थाई छापे मारे और लगभग एक सप्ताह पहले इजराइल पर हमास के हमले के बाद अगवा किए गए लगभग 150 लोगों की तलाश की। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि क्षेत्र में 724 बच्चों और 458 महिलाओं समेत 2,200 से अधिक लोग मारे गए हैं। इजराइल की सरकार ने कहा कि हमास के हमले में 1,300 से अधिक इजराइली मारे गए, जिनमें से अधिकतर आम नागरिक थे और लड़ाई के दौरान लगभग 1,500 हमास आतंकवादी मारे गए। फलस्तीनियों के बड़े पैमाने पर पलायन की आशंका से मिस्र के अधिकारियों ने भारी सुरक्षा वाली राफा सीमा पर मिस्र की तरफ अस्थाई दीवारें खड़ी कर दीं। यह सीमा इजराइली हवाई हमलों के कारण कई दिनों से बंद है। शुक्रवार को गाजा में छापेमारी इस बात का पहला संकेत है कि हमास के हमले के प्रतिशोध में सेना द्वारा चौबीसों घंटे बमबारी शुरू करने के बाद से इजराइली सैनिक इस क्षेत्र में प्रवेश कर गए हैं। लड़ाई शुरू होने के बाद से फलस्तीनी उग्रवादियों ने इजराइल पर 5500 से ज्यादा रॉकेट दागे हैं। सेना ने कहा कि सैनिक छापेमारी के बाद लौट गए। इजराइल ने गाजा के साथ लगी सीमा पर लगभग 360,000 रिजर्व और बड़े पैमाने पर सैनिकों और टैंकों की लामबंदी की है, लेकिन जमीनी हमले शुरू करने के बारे में कोई निर्णय घोषित नहीं किया गया है।

# अलकायदा से भी बदतर है हमासः बाइडन

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास आतंकवादी संगठन अलकायदा से भी बदतर है। बाइडन ने फिलाडेल्फिया में हाइड्रोजन हब्स में अपने संबोधन में कहा, हमें जितना अधिक इस हमले के बारे में पता चलता है वह उतना और अधिक भयावह प्रतीत होता है। एक हजार से अधिक निर्दोष लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 27 अमेरिकी भी शामिल हैं। इनके मुकाबले तो अलकायदा भी कुछ ठीक लगता है। ए शैतान हैं। जैसा मैं शुरुआत से कहता आ रहा हूं कि अमेरिका इसे लेकर गलती नहीं कर रहा, वह इजराइल के साथ है। राष्ट्रपति ने कहा, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन कल इजराइल में थे और आज रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन वहां हैं। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इजराइल को अपनी रक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए वह उसके पास हो और वह हमलों का जवाब दे। मेरी प्राथमिकता यह भी है कि गाजा में मानवीय संकट से निपटा जाए। बाइडन ने कहा कि उनके निर्देश पर उनकी टीम इस क्षेत्र में काम कर रही हैं और इजराइल की मदद के लिए मिस्र, जॉर्डन और अन्य अरब देशों की सरकारों और संयुक्त राष्ट्र के साथ सीधे संवाद कर रही हैं। हम इस बात की अनदेखी नहीं कर सकते कि फलस्तीन की अच्छी खासी आबादी का हमास से और उसके हमलों से कोई लेना नहीं है। आज मैंने उन सभी अमेरिकी परिवारों से जूम कॉल पर एक घंटे से अधिक समय तक बात की जिनके परिवार के सदस्य लापता हैं। बाइडन ने कहा, वे पीड़ा से गुजर रहे हैं, उन्हें नहीं पता कि उनके बेटे, बेटी, पति, पत्नी और बच्चे किस हाल में हैं।

## क्विक न्यूज

### लड़ाई में हिजबुल्लाह शामिल हुआ तो इजराइल को भारी नुकसान उठाना पड़ेगाः ईरान के विदेश मंत्री

**बेरूत।** ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन ने शनिवार को इजराइल से गाजा पर अपने हमले रोकने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि अगर हिजबुल्लाह लड़ाई में शामिल हुआ तो युद्ध मध्य पूर्व के अन्य हिस्सों में फैल सकता है तथा इससे इजराइल को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। अब्दुल्लाहियन ने बेरूत में संवाददाताओं से कहा कि लेबनान का हिजबुल्लाह समूह युद्ध पर नजर बनाए हुए है और इजराइल को जल्द से जल्द गाजा पर अपने हमले बंद करने चाहिए। इजराइल हिजबुल्लाह को सबसे गंभीर आसन्न खतरा मानता है। अनुमान है कि हिजबुल्लाह के पास लगभग 150,000 रॉकेट और मिसाइलें है, जिनमें सटीक-निर्देशित मिसाइलें भी शामिल है जो इजराइल में कहीं भी मार कर सकती है। समूह में सीरिया के 12 साल के संघर्ष में भाग लेने वाले हजारों लड़ाकों के साथ विभिन्न प्रकार के सैन्य ड्रोन भी हैं। पिछले शनिवार को उग्रवादी फलस्तीनी समूह हमास के हमले के बाद इजराइल से लगी लेबनान की सीमा पर हिजबुल्लाह लड़ाके पूरी तरह से अलर्ट पर हैं। शुक्रवार को हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने सीमा पर चार इजराइली ठिकानों पर कई रॉकेट दागे। अब्दुल्लाहियन ने कहा कि उन्होंने हिजबुल्लाह नेता सैय्यद हसन नसरल्लाह से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें लेबनान में समूह की स्थितियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह द्वारा प्रतिरोध में उठाया गया कोई भी कदम इजराइल में जबरदस्त तबाही मचाएगा। अब्दुल्लाहियन ने कहा, मैं युद्ध अपराधियों और इस इकाई का समर्थन करने वालों को गाजा में नागरिकों के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए चेतावनी देना चाहता हूं, ताकि देर ना हो जाए क्योंकि कुछ घंटों में बहुत देर हो सकती है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मध्य पूर्व में अन्य पक्षों को संघर्ष में शामिल न होने की चेतावनी दी है और क्षेत्र में अमेरिकी युद्धपोत भेजे है तथा इजराइल के लिए पूर्ण समर्थन का वचन दिया है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि वह पश्चिम एशिया में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों से संपर्क करेंगे क्योंकि अभी भी (युद्ध को समाप्त करने के लिए) पहल पर काम करने का अवसर है लेकिन कल बहुत देर हो सकती है।

### भारत के एक और स्टार्टर को इंटरनेशनल पेटेंट

पीथमपुर। एनर्जी एफिशिएंट पम्पस् और मोटर्स के साथ साथ सोलर पंपिंग सॉल्यूशन प्रदान करने वाली देश की अग्रणी कंपनी शक्ति पम्पस(इंडिया) लिमिटेड को एक खास मोटर स्टार्टर एडीए कन्वर्जन बेस्ट कान्टेक्टर लैस सॉफ्ट स्टार्टर के लिए एक पेटेंट हासिल किया है। इस पेटेंट के जुड़ जाने से अब शक्ति पम्पस् के पास कुल 5 पेटेंट हो गए हैं। इतना ही नहीं, 25 और पेटेंटस् के लिए देश में और अंतर्राष्ट्रीय न्यायालयों में आवेदन किया जा चुका है। भारत सरकार पेटेंट अधिनियम 1970 के अनुसार शक्ति पम्प को यह पेटेंट प्रदान किया गया है। इस पेटेंट की वैलिडिटी फाईल करने की दिनांक से 20 वर्ष तक है। इस उपलब्धि पर शक्ति पम्पसइंडिया लिमिटेड के चैयरमेन श्री दिनेश पाटीदार ने कहा कि हमें अपने नए पेटेंट के बारे में बताते हुए बेहद खुशी हो रही है। ग्राहक इस तकनीक का उपयोग अपने स्मार्ट फोन के माध्यम से कर सकते है जिससे उनकी उपस्थिति का समय कम किया जा सकता है। मेरा विश्वास है कि यह स्टार्टर बिजली विभाग के लिए भी काफी उपयोगी होगा क्योंकि यह मोटर पर लोड को कम करने के साथ साथ ट्रांसमिशन सिस्टम में केबल, ट्रांसफार्मर और अन्य इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल कम्पोनेन्ट्स सहित पूरे सिस्टम की लाईफ को भी बढ़ाएगा। कुल मिलाकर, इस इनोवेशन से उम्मीद है मैंटेनेंस की जरूरतों में कमी आएगी और सिस्टम की लाईफ भी दुगुनी होगी। एडीए कन्वर्जन बेस्ट कान्टेक्टर लैस सॉफ्ट स्टार्टरएक आधुनिक आईओटी डिवाईस है जो एक विशेष तकनीक का उपयोग करके मोटर को सुचारु रुप से चालू और बंद करता है।

### पाकिस्तान में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे इमरान खान के समर्थकों पर पुलिस ने कार्वाई की

**लाहौर (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी का झंडा लेकर फलस्तीन के लोगों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए उनके समर्थन में देश के विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन कर रहे कई समर्थकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पार्टी ने कहा कि पुलिस ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कम से कम 50 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया, जो फलस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए लाहौर, इस्लामाबाद, वेहारी, मुल्तान और गुजरांवाला शहरों में एकत्र हुए थे। विभिन्न धार्मिक दलों ने देश भर में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन किए, लेकिन केवल पीटीआई के झंडे रखने वालों को हिरासत में लिया गया। पीटीआई ने सरकारी मशीनरी के इस्तेमाल और देश के विभिन्न हिस्सों में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की गैरकानूनी हिरासत की कड़ी निंदा की है, जो युद्ध से तबाह और घिरे फलस्तीनियों के लिए एकजुटता और समर्थन व्यक्त कर रहे थे। पीटीआई के एक प्रवक्ता ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सरकारी मशीनरी के इस्तेमाल को शर्मनाक बताया। उन्होंने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि नागरिकों को उत्पीड़ित फलस्तीनियों के प्रति एकजुटता और समर्थन व्यक्त करने और पीटीआई के झंडे ले जाने के एकमात्र अपराध के लिए गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल अप्रैल में खान को सत्ता से बेदखल करने के बाद राजनीतिक प्रतिशोध के तहत लगातार की जा रही दमनकारी कार्वाई के तहत इसे किया गया।

### इजराइल की गोलाबारी में दक्षिणी लेबनान में मारे गए रॉयटर्स के वीडियोग्राफर को दफनाया गया

खिआम (लेबनान)। दक्षिणी लेबनान में इजराइली गोलाबारी में मारे गए रॉयटर्स के वीडियोग्राफर इस्साम अब्दुल्ला का शनिवार को उनके गृहनगर में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। खिआम में लेबनान के झंडे में लिपटे हुए अब्दुल्ला के पार्थिव शरीर को उनके पारिवारिक घर से स्थानीय कब्रिस्तान तक एक स्ट्रेचर पर ले जाया गया। अंतिम संस्कार में कई पत्रकार और लेबनान के सांसद शामिल हुए। अब्दुल्ला की शुक्रवार शाम को दक्षिण लेबनान के अल्मा अल-शाब गांव के पास मौत हो गई, जब इजराइली सैनिकों और लेबनान के आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के लड़ाकों के बीच सीमा पर गोलीबारी को कवर करने के दौरान इजराइल का एक गोला गिरा। लेबनान के विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र में बेरूत के दूतावास से शुक्रवार की गोलाबारी को अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता का सरासर उल्लंघन तथा इसके खिलाफ अपराध बताते हुए इजराइल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड हेचट ने शनिवार को यरुशलम में एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से कहा, हमें रॉयटर्स के पत्रकार से संबंधित घटना की जानकारी है और हम इस पर गौर कर रहे है। हेचट ने इस बात की पुष्टि नही की कि पत्रकारों को इजराइल सेना द्वारा दागे गए गोले लगे थे, लेकिन उन्होंने इस घटना को दुखद बताते हुए कहा हमें उनकी मौत का बहुत अफ़सोस है। रॉयटर्स ने एक बयान में कहा कि उसके दो पत्रकार थेर अल-सुदानी और माहेर नाजेह उसी जगह गोलाबारी में घायल हो गए, जबकि कतर के अल-जजीरा टीवी ने कहा कि उसके कैमरामैन एली ब्राख्या और रिपोर्टर कारमेन जौखादर भी घायल हो गए। फ्रांस की अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी एजेंसी फ्रांस-प्रेस (एएफपी ) ने कहा है कि उसके दो पत्रकार- फ़ोटोग्राफ़र क्रिस्टीना अस्सी, और वीडियो पत्रकार डायलन कोलिन्स भी घायल हुए है। दक्षिणी इजराइल पर फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा किए गए अप्रत्याशित हमले के बाद से लेबनान-इजराइल सीमा पर हिंसा की छिटपुट घटनाएं देखी जा रही है। हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने के कारण विभिन्न देशों के पत्रकार रिपोर्टिंग के लिए लेबनान आ रहे है।

### पूर्व कारोबारी क्रिस्टोफर न्यूजीलैंड के अगले पीएम होंगे

**ऑक्लैंड।** पूर्व कारोबारी क्रिस्टोफर लक्सन ने न्यूजीलैंड के चुनाव में शनिवार को निर्णायक जीत हासिल की और अब वह देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। लोगों ने छह साल की उदारवादी सरकार के बाद बदलाव के लिए वोट दिया। निवर्तमान सरकार का ज्यादातर अवधि के दौरान नेतृत्व जेसिंडा अर्डर्न ने किया था। मतगणना अब भी जारी है। इस बीच, लक्सन (53) ऑक्लैंड में एक कार्यक्रम में पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी अमंदा, उनके बच्चे, विलियम और ओलीविया भी थे। उन्होंने कहा कि वह जीत से अभिभूत है। उन्होंने देश के लोगों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, आपने बदलाव के लिए वोट दिया। समर्थकों ने उनके चुनाव प्रचार अभियान के नारे लगाए, जिसमें देश को वापस सही राह पर लाने का वादा किया गया है। निवर्तमान प्रधानमंत्री क्रिस हिपकिंस ने शनिवार शाम समर्थकों से कहा कि उन्होंने हार स्वीकार करने के लिए लक्सन को फोन किया। हिपकिंस ने कहा कि उन्हें चुनाव के ऐसे नतीजे की उम्मीद नही थी। उन्होंने वेलिंगटन में समर्थकों से कहा, लेकिन हमने पिछले छह वर्षों में जो कुछ हासिल किया है उसे लेकर मुझे आप पर गर्व है। हिपकिंस (45) ने जनवरी में प्रधानमंत्री का पदभार संभाला था। उनसे पहले देश की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न थी। ज्यादातर मतों की गिनती होने के बाद, लक्सन की नेशनल पार्टी को करीब 40 प्रतिशत वोट मिले हैं।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा, सभी पंजीकृत दल चुनाव लड़ सकेंगे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने स्पष्ट किया है कि चुनाव आयोग में पंजीकृत सभी राजनीतिक दल आगामी चुनाव में हिस्सा ले सकेंगे। काकड़ का बयान ऐसे वक्त में आया है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के भविष्य को लेकर क्यास लगाए जा रहे है। पीटीआई प्रमुख इमरान खान जेल में है और विशेषज्ञ उनकी पार्टी पर प्रतिबंध लगाए जाने की आशंका जता रहे हैं। काकड़ ने शुक्रवार को पेशावर में मीडिया से कहा कि उनकी सरकार पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के साथ पंजीकृत किसी भी राजनीतिक दल को चुनाव में भाग लेने से रोकने के पक्ष में नही है। उन्होंने कहा, ईसीपी के साथ पंजीकृत प्रत्एक पार्टी अपने उम्मीदवार का नामांकन दाखिल करने की हकदार है।

### सिंगापुरः भारतीय मूल के छात्र एथलीट की मौत की जांच में कोच की लापरवाही का खुलासा

**सिंगापुर।** सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल में हुई भारतीय मूल के 14 वर्षीय एक छात्र-एथलीट की मौत की जांच में भारी लापरवाही का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार खिलाड़ी के बैडमिंटन कोच ने ट्रैक छोड़ने से पहले उसके स्वास्थ्य का हाल-चाल नही लिया। चैनल न्यूज एशिया ने शनिवार को खबर दी है कि कोच को बर्खास्तगी का नोटिस थमाया गया।प्रणव मधैक स्कूल की बैडमिंटन अकादमी का हिस्सा था और वह एक ओलंपिक चैंपियन बनना चाहता था। पांच अक्टूबर को 400 मीटर फिटनेस टाइम ट्रायल के बाद उसकी तबीयत खराब हो गई थी।प्रणव को नेशनल यूनिवर्सिटी अस्पताल ले जाया गया था जहां बुधवार (11 अक्टूबर को) उसकी मौत हो गई थी।शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में सिंगापुर स्पोर्ट्स स्कूल ने खिलाड़ी की मौत से जुड़े घटनाक्रम और जांच के निष्कर्ष को सामने रखा।

### नेपाल में मनांग एयर का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पायलट घायल

**काठमांडू।** नेपाल में मनांग एयर का एक हेलीकॉप्टर शनिवार को एक पर्वतीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसका पायलट घायल हो गया। नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के उप निदेशक जगन्नाथ निरूला ने बताया कि एवरेस्ट आधार शिविर के पास लुकला के समीप उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर 9एन एएनजे थोड़ा पलट गया और उत्तर-पूर्वी नेपाल के लोबुचे में उतरने की कोशिश करने के दौरान उसमें आग लग गई। निरूला के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में केवल पायलट प्रकाश सेधई सवार थे, जिन्हें हादसे में चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि घायल पायलट को इलाज के लिए विमान से काठमांडू ले जाया गया है। हादसे की वजह का अभी पता नही चल पाया है।

### विमान में बम की सूचना से मचा हडकंप, बाद में निकला डायपर

**पनामा सिटी।** अमेरिका में पनामा सिटी से फ्लोरिडा के टेम्पा शहर के लिए उड़ान भरने वाले एक विमान को बम होने की सूचना मिलने के बाद आनन-फानन में तोकुमेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लौटना पड़ा। हालांकि, बाद में पता चला कि जिस वस्तु को बम समझा जा रहा था, असल में वह किसी वयस्क का डायपर था। विमान में बम होने की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार सुबह इसे वापस पनामा सिटी हवाई अड्डे पर उतारना पड़ा। पनामा की सिविल एयरोनॉटिक्स अथॉरिटी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर बताया कि बोइंग 737-800 स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे हवाई अड्डे पर उतरा और उसे एक अलग-थलग हवाई पट्टी पर ले जाया गया।

# ब्लिंकन ने गाजा पर इजराइल के प्रस्तावित जवाबी हमले से पहले नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपील की



**रियाद ( सऊदी अरब )।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गाजा पट्टी और इजराइल, दोनों स्थानों पर नागरिकों की सुरक्षा के लिए शनिवार को अपील की। इजराइली सेना द्वारा आधे फलस्तीनी भू-भाग की आबादी को प्रस्तावित जवाबी हमले से पहले दूसरी जगह चले जाने को कहने के बाद ब्लिंकन ने यह अपील की है। ब्लिंकन ने पश्चिम एशिया में कूटनीति के तीसरे दिन की शुरूआत करते हुए सऊदी अरब के अपने समकक्ष प्रिंस फैसल बिन फरहान से रियाद में मुलाकात की। इस कूटनीति का लक्ष्य इजराइल-हमास युद्ध को क्षेत्रीय संघर्ष का रूप लेने और मानवीय संकट बढ़ाने से रोकना है। दोनों नेताओं ने नागरिकों को नुकसान को न्यूनतम करने के महत्व पर जोर दिया क्योंकि इजराइल अपनी सरजमीं पर चरमपंथी संगठन के अभूतपूर्व हमले के एक हफ्ते बाद हमास के खिलाफ प्रत्याशित आक्रमण के लिए तैयार है। ब्लिंकन ने इसी तरह की चर्चा के लिए संयुक्त अरब अमीरात के लिए रवाना होने से पहले कहा, चूंकि इजराइल अपने वैध अधिकार, अपने लोगों की रक्षा करने और दोबारा ऐसा न होने देने को सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है, ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण है कि हम सभी नागरिकों का ध्यान रखें, और हम ठीक वैसा ही करने के लिए साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हममे से कोई भी किसी ओर नागरिकों को हताहत होते नहीं देखना चाहता है, चाहे यह इजराइल हो, या गाजा हो, या यह कहीं और हो। अमेरिका के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि उनके देश ने इजराइल को नागरिकों की निकासी योजना धीमा करने या रोकने को नहीं कहा है। उन्होंने कहा कि इजराइली नेताओं के साथ चर्चा नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखने की जरूरत पर जोर देता है क्योंकि इजराइली सेना नागरिकों की निकासी की मांग लागू कराने की ओर बढ़ रही है। इजराइली नेताओं ने दिशानिर्देश स्वीकार किया है और इसे सलाह के रूप में लिया है। कुछ छोटी संभावित प्रगति होने का संकेत देते हुए, ब्लिंकन के साथ यात्रा कर रहे एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि गाजा में फलस्तीनी-अमेरिकी तथा अन्य दोहरी नागरिकता वालों को शनिवार को पांच घंटे की निर्धारित अवधि के दौरान सीमा पार कर मिस्र में प्रवेश करने की अनुमति देने का मिस्र, इजराइल और कतर के बीच सैद्धांतिक रूप से एक समझौता हुआ है।

## इजराइल-हमास युद्ध के बीच अमेरिकी शहरों में बढ़ाई गई सुरक्षा

**बोस्टन (अमेरिका)।** इजराइल-हमास युद्ध के मद्देनजर हिंसा की आशंका के बीच शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क, लॉस एंजिलिस और अन्य शहरों में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी, संसद भवन के चारों ओर सुरक्षा कड़ी कर दी और कुछ स्कूलों को बंद कर दिया। हालांकि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका में खतरे की कोई पुष्ट सूचना नहीं है। हमास के एक पूर्व नेता के आक्रोश का दिन की घोषणा से अमेरिका का यहूदी समुदाय भयभीत है और उनके प्रार्थना स्थलों, स्कूलों तथा सांस्कृतिक संस्थानों के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। यह घबराहट इस बात का संकेत है कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध की गूंज पूरी दुनिया में किस कदर सुनाई दे रही है जिससे यहूदी समुदाय कोई विश्वसनीय खतरा न होने के बावजूद डरा हुआ है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने बताया कि वे इजराइल पर हमास के हमले के बाद यहूदी विरोधी या मुसलमान विरोधी भावनाओं के कारण किसी प्रकार की हिंसा को लेकर अत्यधिक चौकन्ना हैं। यहूदी और मुस्लिम समूहों ने सोशल मीडिया पर नफरत भरे या धमकी भरे पोस्ट में वृद्धि की जानकारी दी है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर व्रे ने बृहस्पतिवार को एक बैठक में यहूदी समुदाय के नेताओं से कहा, हम इस आशंका से इनकार नही कर सकते है कि हमास या अन्य विदेशी आतंकवादी संगठन अपने समर्थकों से हमारी धरती पर यहां हमले करने का आह्वान कर इस संघर्ष का फायदा उठा सकते है।

### इजराइल से भारतीय नागरिकों की निकासी के लिए शनिवार को दो विशेष उड़ानें संचालित होंगी

**यरुशलम।** लगातार दो दिनों में 400 से अधिक भारतीय नागरिकों की इजराइल से निकासी के बाद तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने इजराइल-हमास संघर्ष के बीच देश छोड़ने के इच्छुक और भारतीयों की सुविधा के लिए शनिवार को दो विशेष उड़ानों की घोषणा की है। ऑपरेशन अजय के तहत विशेष उड़ानें उन भारतीय नागरिकों की वापसी की सुविधा के लिए 12 अक्टूबर को शुरू की गईं, जो गाजा से हमास आतंकवादियों द्वारा इजराइली शहरों पर किए गए भीषण हमलों के बाद पैदा हुए हालात के मद्देनजर वतन लौटना चाहते हैं। इन हमलों के कारण क्षेत्र में काफी तनाव पैदा हो गया है। पहली उड़ान स्थानीय समयानुसार शाम 5:00 बजे रवाना होने की उम्मीद है और इसमें 230 यात्री सवार हो सकते हैं। दूसरी उड़ान स्थानीय समयानुसार रात 11:00 बजे निर्धारित है और इसमें 330 यात्री सवार हो सकते हैं। राजदूत संजीव सिंगला ने पीटीआई-भाषा को बताया, दूतावास इजराइल में हमारे उन सभी नागरिकों की सुविधा के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है जो देश छोड़ना चाहते हैं।

# इजराइल का उत्तरी गाजा को खाली करने का आदेश अत्यधिक खतरनाक : गुतारेस

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र** महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि इजराइल का उत्तरी गाजा में करीब 11 लाख लोगों को 24 घंटे के भीतर वहां से चले जाने की चेतावनी देना अत्यधिक खतरनाक और कतई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि युद्ध के भी कुछ नियम होते हैं। गाजा में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों को बृहस्पतिवार को इजराइली सेना में उनके संपर्क अधिकारियों ने सूचना दी कि उत्तरी गाजा की तकरीबन 11 लाख आबादी को अगले 24 घंटे के भीतर दक्षिणी हिस्से में चले जाना चाहिए। यह आदेश संयुक्त राष्ट्र के सभी कर्मियों और उन लोगों पर भी लागू होता है, जिन्होंने स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और क्लीनिक समेत संयुक्त राष्ट्र केंद्रों में शरण ली हुई है। गुतारेस ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा, घनी आबादी वाले युद्ध क्षेत्र में 10 लाख से अधिक लोगों का ऐसे स्थान पर जाना जहां न भोजन है, न पानी और न ही रहने की जगह और जहां पूर्ण नाकाबंदी है, अत्यधिक खतरनाक और कुछ मामलों में तो बिल्कुल भी संभव नहीं है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक में हिस्सा लेने के लिए जाने से पहले ए टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि हवाई हमलों के कुछ दिन बाद इजराइली रक्षा बलों ने गाजा और उसके आसपास के इलाकों में फलस्तीनियों को दक्षिणी क्षेत्र में जाने का आदेश दिया है।

## हमास का हमला यहूदियों के जनसंहार के बाद से उन पर सबसे बड़ा हमला : अमेरिकी सांसद

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के प्र**भावशाली सांसदों ने कहा है कि हमास की ओर से किया गया हमला यूरोप में यहूदियों के जनसंहार के बाद से उन पर किया गया सबसे बड़ा जानलेवा हमला है। सांसदों ने यह बात इजराइल का समर्थन कर रहे भारतीय-अमेरिकियों से कही। सांसद जैमी रस्किन ने फउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, इजराइल में नागरिकों के ऊपर हमास की ओर से किए गए आतंकी हमले यूरोप में यहूदियों के नरसंहार के बाद से सबसे अधिक व्यापक और जानलेवा हैं। भारतीय-अमेरिकियों के एक समूह को संबोधित करते हुए रस्किन ने कहा कि हमास और फलस्तीन के लोगों के बीच फर्क करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हमास फलस्तीन के लोगों के लिए नहीं बोलता है और फलस्तीन के लोग हमास के अपराधों के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं। इस कार्यक्रम को भारतीय-अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने भी संबोधत किया। उन्होंने इस हमले को यहूदियों के जनसंहार के बाद से यहूदियों पर सबसे घातक हमला बताया और कहा कि इजराइल के लिए अमेरिका में द्विदलीय समर्थन है। थानेदार नेकहा, हम हर संभव तरीके से इजराइल का समर्थन करने जा रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इजराइल इन आतंकवादियों से लड़ने और हमास को पूरी तरह से खत्म करने में सक्षम हो। हम नागरिकों, महिलाओं, पुरुषों, शिशुओं पर इस तरह के भयावह हमले होते नहीं देख सकते...। श्री थानेदार ने कहा, वे (हमास) स्पष्ट तौर पर आतंकवादी हैं और उन्हें रोके जाने की जरूरत है। अमेरिकी यहूदी समिति के सदस्य जेसन इसैकसन ने संकट के इस वक्त में इजराइल का साथ देने के लिए भारतीय-अमेरिकी समुदाय की सराहना की।

# स्कूल चाकूबाजी घटनाः फ्रांस सुरक्षा में इजाफा करेगा, तैनात किए जाएंगे 7,000 सैनिक

**भाषा।** अर्रास (फ्रांस)

**फ्रांस में एक** स्कूल में संदिग्ध इस्लामिक कट्टरपंथी द्वारा एक शिक्षक की चाकू मार कर हत्या करने तथा तीन अन्य को घायल करने की घटना के मद्देनजर देश में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सात हजार सैनिकों को तैनात किया जाएगा। राष्ट्रपति के कार्यालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। फ्रांस में शुक्रवार को हुए हमले के बाद उत्तरी शहर अर्रास के गैम्बेटा-कार्नोट स्कूल शनिवार सुबह खुला। स्कूल में बच्चों और शिक्षकों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। यह घटना ऐसे वक्त हुई है जब इजराइल और हमास के बीच भीषण युद्ध जारी है। अभियोजकों ने बताया कि आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण चाकूबाजी और संदिग्ध हमलावर के बारे में जांच कर रहे हैं। संदिग्ध चेचन्या से ताल्लुक रखता है और वह स्कूल का पूर्व छात्र है। कट्टरपंथ के लिए खुफिया सेवाएं उस पर नजर रख रही थीं। राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय खतरे की चेतावनी बढ़ा दी है और राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने फ्रांस की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सोमवार रात तक और अगली सूचना तक 7,000 सैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया है। जिस स्कूल में चाकूबाजी की घटना हुई है वहां आज कक्षाएं नहीं लगीं लेकिन छात्र, उनके परिजन और अन्य कर्मचारी घटना के विरोध में और पीड़ितों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए वहां पहुंचे। चाकूबाजी की घटना में मारे गए शिक्षक का नाम डोमिनिक बर्नार्ड था और वह गैम्बेटा-कार्नोट स्कूल में फ्रांसीसी भाषा सिखाते थे। मैक्रों ने फ्रांस के लोगों से एकजुट रहने की अपील की है।

## बम की धमकियों के बाद फ्रांस में अलर्ट, लौवर संग्रहालय और वर्साय पैलेस को खाली कराया गया

**पेरिस।** पेरिस के लौवर संग्रहालय और वर्साय पैलेस में बम रखे होने की धमकी के बाद शनिवार को आगंतुकों और कर्मचारियों से वहां से हटा दिया गया। एक संदिग्ध चरमपंथी द्वारा स्कूल में की गई घातक चाकूबाजी के बाद सरकार ने फ्रांस को हाई अलर्ट पर रखा है। लौवर संचार सेवा ने कहा कि कोई भी हताहत नही हुआ और किसी घटना की सूचना नही मिली। पेरिस पुलिस ने कहा कि बम की लिखित धमकी मिलने के बाद अधिकारियों ने संग्रहालय की तलाशी ली। पुलिस के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि वर्साय के पूर्व शाही महल को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। प्रवक्ता ने कहा कि महल और उसके विशाल उद्यानों को खाली कराया जा रहा है, जबकि पुलिस क्षेत्र की जांच कर रही है। बम की धमकी के बाद खाली कराए जाने की घोषणा की गई तो लौवर में अलार्म बजने लगे। इसके सिग्नेचर पिरामिड के नीचे भूमिगत शॉपिंग सेंटर में भी अलार्म बज उठा। यह पेरिस के पूर्व शाही महल में एक विशाल स्थान है, जहां से सीन नदी दिखाई देती है। इसके बाद जैसे ही पर्यटक और अन्य आगंतुक बाहर आने लगे, पुलिस ने स्मारक को चारों तरफ से घेर लिया। ऑनलाइन पोस्ट किए गए वीडियो में लोगों को निकलते हुए दिखाया गया है।

### पाकिस्तान : बलूचिस्तान में बंदूकधारियों ने छह श्रमिकों की हत्या की

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान** के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में बंदूकधारियों ने एक घर पर हमला कर छह श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी। पाकिस्तानी पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमलें दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से करीब 606 किलोमीटर दक्षिण में है। हथियारबंद लोग उस घर में घुस गए जहां मजदूर रह रहे थे और अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि मजदूर बलूचिस्तान के बाहर से थे और शहर में एक निजी निर्माण परियोजना में काम करते थे।

### अमेरिका के कई हिस्सों में दिखेगा दुर्लभ सूर्यग्रहण

**पोर्टलैंड (अमेरिका)।** अमेरिका के कई इलाकों में शनिवार को एक दुर्लभ सूर्यग्रहण रिंग ऑफ फायर दिखेगा। यह खगोलीय घटना अमेरिका के ऑरेगन से ब्राजील तक दिखेगी। इस सूर्यग्रहण को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। हालांकि, लोगों को मौसम को लेकर भी कुछ चिंताएं भी है क्योंकि आसमान में बादल छाए रहने की स्थिति में उन्हे सूर्यग्रहण नही दिखेगा। पूर्ण सूर्यग्रहण के विपरीत रिंग ऑफ फायर ग्रहण के दौरान चंद्रमा सूर्य को पूरी तरह से नही ढकता।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the public at large that we are investigating and verifying the title, in respect of Property no. 866 area measuring 90 Sq. Yds. Situated at Ward No. V Main Road, Nai Sarak, Delhi-110006 owned by M/s AA Boutique through its owner Mr. Ashish Goyal, Mr. Gautam Goyal, Ms. Megha Goyal & Ms. Renu Goyal vide Sale Deed dated 05.09.2005 executed by Mr. Pawan Kumar Sharma in favor of Mrs. Megha Goel in respect of Entire First Floor without roof rights (Doc. No. 6022), Decree Sheet in Suit No. 170/15 title as Mr. Gautam Goel (Plaintiff) Vs. 1. Mr. Anand Goyal, 2. Mrs. Kamlesh Devi, 3. Mr. Naveen Goyal, 4. Mr. Nitin Goyal, 5. Mr. Raj Kamal Goyal, 6. Mr. Anil Goyal, 7. Mrs. Renu Devi, 8. Mr. Ashish Goyal, 9. Mrs. Megha Goyal and 10. Mrs. Megha Goel (Defendants). According to the Settlement Mr. Anil Goyal (Defendant No. 6) became the Owner of Second Floor of Property Bearing No. 866, Mrs. Megha Goel became the owner of First Floor of Property bearing no. 866 and Mr. Gautam Goel (S/o Mr. Anil Goyal) became the owner of Third Floor of property Bearing No. 866 and Original Mutation Letter dated 03.11.2015 issued by NDMC in favour of Mr. Gautam Goel in respect of Third Floor of the property (**"Property"**). If any person is having objection, right/claim against the said property, contact to undersigned along with supporting documents within **15 days** from the date of publication of this notice. Failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived. **Adv. Vishal Mehan,** E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092; Mobile no. 9811215181

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार,15 अक्टूबर, 2023



# हिंदू शिक्षकों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईः गिरिराज

● पूजा की छुट्टियों से वंचित करने के फैसले से

**भाषा**। पटना

**केंद्रीय** मंत्री गिरिराज सिंह शनिवार को बिहार के शिक्षा विभाग के उस परिपत्र के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए राजभवन पहुंचे जिसमें शिक्षकों को 21 अक्टूबर तक दुर्गा पूजा की छुट्टियों से वंचित किया गया है।बिहार के बेगुसराय लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भाजपा नेता सिंह ने इस संबंध में अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर से मुलाकात की और पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य की नीतीश कुमार सरकार पर जमकर बरसे।उन्होंने कहा, शिक्षा विभाग के राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय हिंदू शिक्षकों की धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है। यह नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार का "तुगलकी फरमान" है जिसने हिंदू शिक्षकों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। मैंने आज इस संबंध में बिहार के राज्यपाल से मुलाकात की और इस मामले में उनसे हस्तक्षेप की मांग की। एससीईआरटी के निदेशक सज्जन आर द्वारा 12 अक्टूबर को जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि परिषद ने 16 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक शिक्षकों के छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया है। बिहार के कई शिक्षक संगठनों ने एससीईआरटी के इस परिपत्र का विरोध किया है। उनका कहना है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम से शिक्षक अधिकांश जिलों में 17 अक्टूबर से शुरू होने वाली दुर्गा पूजा की छुट्टियों से वंचित हो जाएंगे।सिंह ने शिक्षकों के आवासीय प्रशिक्षण को 21 अक्टूबर तक बढ़ाने के एससीईआरटी के परिपत्र को निरंकुश आदेश बताते



हुए कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद प्रमुख लालू यादव पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को संरक्षण दे रहे हैं, भले ही उस पर प्रतिबंध लगा दिया गया हो। पीएफआई बिहार के कई जिलों में अपना आधार फैला रहा है तथा पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज में भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त है, लेकिन राज्य सरकार चुप्पी साधी हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसके अलावा, बेगुसराय सहित बिहार के कई जिलों में लव-जिहाद के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन बिहार की महागठबंधन सरकार तुष्टीकरण की राजनीति में लगी हुई है और कोई कार्वाई नहीं कर रही है।एससीईआरटी के परिपत्र पर टिप्पणी करते हुए टीईटी प्राथमिक शिक्षक संघ के संयोजक राजू सिंह ने पीटीआई-भाषा से कहा, सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए क्योंकि यह हिंदू शिक्षकों की धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है। जो शिक्षक 14 अक्टूबर से शुरू होने वाली नवरात्रि के दौरान व्रत रखते हैं, वे एससीईआरटी के छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में कैसे शामिल हो सकते हैं? इसके अलावा, वे 17 अक्टूबर से शुरू होने वाली दुर्गा पूजा की छुट्टियों से वंचित रहेंगे। एससीईआरटी को इस परिपत्र को तुरंत वापस लेना चाहिए जो राज्य के लगभग 14,000 सरकारी शिक्षकों को प्रभावित करता है। एससीईआरटी के इस आवासीय प्रशिक्षण में जिन शिक्षकों को भाग लेना है, वे गया, जमुई, पूर्वी चंपारण, सीतामढी, सुपौल, भोजपुर, नवादा, वैशाली, सहरसा, शिवहर, औरंगाबाद, अरवल, बक्सर, डुमरांव, रामबाग, चंदवारा, पताही आदि में पदस्थापित हैं।

### ओडिशा में सरकार ने दुर्गा पूजा के अवसर पर स्कूलों में दस दिन की छुट्टी की घोषणा की

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने दुर्गा पूजा के अवसर पर 20 अक्टूबर से स्कूलों में दस दिन की छुट्टी की घोषणा की है। एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। माध्यमिक और प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक, सभी स्कूल 29 अक्टूबर तक बंद रहेंगे। अधिसूचना में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को स्कूल प्राधिकारियों को पूजा अवकाश के बारे में निर्देश देने के लिए कहा गया है। सरकार ने 14 अक्टूबर को महालय के अवसर पर भी छुट्टी की घोषणा की है, जो पितृ पक्ष की समाप्ति का प्रतीक है।

# सीबीआई ने फर्जी पासपोर्ट गिरोह मामले में बंगाल, सिक्किम में छापे मारे

●दो लोग गिरफ्तार

**भाषा**। नई दिल्ली

**केन्द्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अधिकारियों एवं बिचौलिए की संलिप्तता वाले एक फर्जी पासपोर्ट गिरोह का शनिवार को भंडाफोड़ किया। इस सिलसिले में गंगटोक के पासपोर्ट लघु सेवा केंद्र के एक अधिकारी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। सीबीआई के दलों ने सुबह में, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 50 स्थानों पर छापे मारे। इनमें गंगटोक, सिलिगुड़ी, दार्जीलिंग, अलीपुर और अन्य शहरों में स्थित पासपोर्ट कार्यालय और हाल में दर्ज एक प्राथमिकी में नामजद आरोपियों के परिसर भी शामिल हैं। प्रवक्ता ने बताया कि यह जांच गंगटोक स्थित पासपोर्ट सेवा लघु केंद्र में वरिष्ठ अधीक्षक के रूप में पदस्थ गौतम कुमार साहा, और दीपू छेत्री नाम के एक व्यक्ति की गिरफ्तारी के साथ शुरू हुई। दोनों को सिलीगुड़ी के एक होटल में पकड़ा गया था, जब छेत्री एक पासपोर्ट जारी कराने के लिए साहा को कथित तौर पर 1.9 लाख रूपए की रिश्वत दे रहा था। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा, दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान लोक सेवक के पास से 3.08 लाख रुपए (लगभग) बरामद किए गए। सरकारी अधिकारी, बिचौलिया और पासपोर्ट एजेंट सहित 24 लोगों को प्राथमिकी में नामजद किया गया है। इनमें साहा, छेत्री, कोलकाता स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में उप पासपोर्ट अधिकारी के रूप में पदस्थ तपन दास और 13 अन्य सरकारी अधिकारी शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा कि पहचान की चोरी और सरकारी कार्यालयों द्वारा जारी फर्जी यात्रा दस्तावेज गंभीर सुरक्षा मुद्दे हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी जारी है। प्रवक्ता ने कहा, यह आरोप है कि क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ), कोलकाता और पासपोर्ट सेवा लघु केंद्र (पीएसएलके), गंगटोक के लोक सेवकों ने पासपोर्ट एजेंट, बिचौलियों सहित अन्य लोगों के साथ एक आपराधिक साजिश रची तथ भारत के गैर-निवासी व्यक्तियोंआवेदकों की ओर से जमा किए गए झूठे एवं फर्जी पहचान दस्तावेजों के आधार पर आरोपी पैसों के एवज में पासपोर्ट जारी कर रहे थे। सीबीआई के दलों ने बंगाल की राजधानी कोलकाता के अलावा साल्ट लेक और हावड़ा स्थित पासपोर्ट कार्यालयों में तलाशी ली है। संघीय एजेंसी ने शनिवार तड़के हावड़ा जिले के उलुबेरिया में पासपोर्ट कार्यालय के एक कर्मचारी के आवास पर भी छापेमारी की। अधिकारी ने बताया कि उससे करीब छह घंटे पूछताछ की गई, जिसके बाद सीबीआई अधिकारी उसे अपने साथ ले गए।

## क्विक न्यूज

### तमिलनाडु की प्रोफेसर इजराइल में फंसी, पति ने वापसी के लिए मांगी मदद

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)**। तिरुचिरापल्ली स्थित तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय (टीएनएयू) की एक एसोसिएट प्रोफेसर दो महीने के प्रशिक्षण कार्यक्रम पर इजराइल गई थीं और वहां संघर्ष क्षेत्र में फंस गई हैं। प्रोफेसर ने स्वदेश लौटने के लिए मदद मांगी है। यह जानकारी उनके पति ने दी, जो कि इसी विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष हैं। टीएनएयू के एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभाग के प्रमुख टी रमेश ने कहा कि उनकी पत्नी राधिका दक्षिणी इजराइल के एक बड़े रेगिस्तानी क्षेत्र द नेगेव में रात के समय सो नहीं पा रही हैं, क्योंकि यह क्षेत्र गाजा के करीब स्थित है।रमेश ने पीटीआई-भाषा को बताया, शनिवार को बमबारी से पहले सायरन की आवाज सुनने के बाद राधिका को तीन दिनों तक एक आश्रय स्थल में शरण लेनी पड़ी और वह इजराइल सरकार की घोषणा के बाद नेगेव में अपने कमरे पर लौटी। रमेश ने कहा, "वर्तमान में, राधिका सुरक्षित हैं और उन्हें भोजन और पानी उपलब्ध कराया जा रहा है" उन्होंने कहा कि इजराइल और फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच जारी युद्ध के कारण राधिका तनाव में हैं। रमेश ने कहा, वह (राधिका) घर लौटना चाहती हैं और हमारा 13 साल का बेटा भी आशंकित है तथा अपनी मां को सुरक्षित घर वापस देखना चाहता है। राधिका, बेन-गुरियन विश्वविद्यालय में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित दो महीने के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 23 सितंबर को इजराइल रवाना हुई थीं। युद्ध शुरू होने के बाद से वह और उनके पति दोनों तमिलनाडु और केंद्र सरकार के साथ लगातार संपर्क में हैं।रमेश ने बताया कि उन्हें व्हाट्सऐप संदेशों से अपनी पत्नी की मुश्किल स्थिति के बारे में पता चला। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास पहले ही उनसे संपर्क कर चुका है और उनके अनुरोध पर जल्द कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

### हम महिला आरक्षण कानून लागू कराने के लिए संघर्ष करने जा रहे हैं : सोनिया गांधी

**चेन्नई।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया संसद में हाल ही में पारित महिला आरक्षण कानून को लागू करने के लिए संघर्ष करेगा। गांधी ने यहां सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के महिला अधिकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिवंगत राजीव गांधी स्थानीय स्वशासन अर्थात पंचायती राज में महिलाओं के लिए ऐतिहासिक 33 प्रतिशत आरक्षण लाए, जिसने जमीनी स्तर पर महिला नेतृत्व की एक पूरी तरह से नई परिघटना को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि यह विधाई निकायों में एक तिहाई सीट पर आरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संसद के भीतर और बाहर (महिला आरक्षण का) पथप्रदर्शक रही है। गांधी ने कहा, अब महिला आरक्षण विधेयक अंततः सिर्फ कांग्रेस ही नहीं, बल्कि हम सभी की अथक दृढ़ता और प्रयासों के कारण पारित हो गया है। लेकिन हम सभी जानते हैं कि इस दिशा में अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है" उन्होंने विधेयक के वास्तविक कार्यान्वयन पर विपक्षी सांसदों द्वारा संसद में किए गए हस्तक्षेप को रेखांकित किया कि क्या इस पर अमल एक साल, दो साल या तीन साल में होगा? उन्होंने कहा, हमें कोई अंदाज़ा नहीं है" उन्होंने आगे कहा, हालांकि कुछ पुरुष खुश हैं, हम खुश नहीं हैं, हम महिलाएं खुश नहीं हैं" उन्होंने कहा कि वे (गठबंधन) महिला आरक्षण अधिनियम के कार्यान्वयन के लिए संघर्ष करने जा रहे हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के दूसरे कार्यकाल में पेश किया गया महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा में पारित हो गया था, लेकिन आम सहमति की कमी के कारण इसे लोकसभा में लाया नहीं जा सका था।

### बंगाल में महालय के अवसर पर लोगों ने तर्पण किया

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल में लाखों लोगों ने शनिवार को महालय के मौके पर तर्पण किया। महालय, बंगाल में दुर्गा पूजा के नजदीक आने का प्रतीक होता है। इस विशेष दिन लोग हुगली और राज्य की अन्य नदियों एवं जलाशयों के तटों पर पहुंचे और अपने पूर्वजों के लिए तर्पण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महालय के शुभ अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी।प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, महालय के इस पावन दिन पर, हम कामना करते हैं कि मां दुर्गा सभी के जीवन को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का आशीर्वाद दें। यह विशेष अवसर साहस, सद्भाव और समृद्धि का प्रतीक हो। शुभो महालय। दिन की शुरुआत आकाशवाणी पर सुबह में महिषासुर मर्दिनी (देवी दुर्गा को समर्पित श्लोकों और गीतों के संग्रह) के प्रसारण से हुई। महिषासुर मर्दिनी का पहली बार सीधा प्रसारण 1930 के दशक की शुरुआत में आकाशवाणी पर किया गया था। तब से इसका प्रसारण महालय की सुबह करने का चलन बन गया है। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस ने हुगली के विभिन्न घाटों पर कड़ी निगरानी रखी। अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता के जिन 18 घाटों पर श्रद्धालु तर्पण कर रहे हैं, वहां सुरक्षा के पर्याप्त उपाय किए गए हैं। महालय के मौके पर कांग्रेस ने भी शुभकामनाएं दी। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, "मां दुर्गा आप सभी को शांति और समृद्धि का आशार्वाद दें और हमारे जीवन में प्रेम और सद्भाव आए" राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आज सुबह पूर्वी मेदिनीपुर जिले स्थित अपने गृहनगर कांथी में एक शोभायात्रा का नेतृत्व किया। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने एक्स पर लिखा, "महालय के शुभ अवसर पर मैं सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

### झारखंडः जिला प्रशासन ने दुर्गा पूजा समितियों को रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं बजाने को कहा

**रांची**। दुर्गा पूजा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए झारखंड के कई जिलों के प्रशासन ने आयोजन समितियों से रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं बजाने और पंडाल बनाने के लिए नायलॉन या सिंथेटिक कपड़े का उपयोग नहीं करने का आग्रह किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। रांची जिला प्रशासन ने समितियों के लिए 33 सूत्री दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें दुर्गा पूजा के दौरान रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर रोक भी शामिल है। जिला प्रशासन ने अपने निर्देश में यह भी कहा कि ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए लाउडस्पीकर की आवाज 70 डेसिबल से अधिक नहीं होनी चाहिए। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक भजन या गाने बजाने के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया

# नया गरबा लिखा है, नवरात्र के दौरान साझा करूंगा :मोदी

**भाषा**। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने पिछले कुछ दिनों में एक नया गरबा लिखा है और वह इसे नवरात्र के दौरान लोगों से साझा करेंगे। मोदी ने वर्षों पहले उनके द्वारा लिखे गए एक अन्य गरबा गीत की संगीतमय प्रस्तुति के लिए ध्वनि भानुशाली, तनिष्क बागची और जेजस्ट म्यूजिक की टीम का शुक्रिया अदा किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, वर्षों पहले मेरे द्वारा लिखे गए एक गरबा की इस प्यारी संगीतमय प्रस्तुति के लिए ध्वनि भानुशाली, तनिष्क बागची और जेजस्ट म्यूजिक की टीम आपको धन्यवादउ इसने कई यादें ताजा कर दीं। उन्होंने कहा, मैंने वर्षों से नहीं लिखा था, लेकिन पिछले कुछ दिनों में एक नया गरबा लिखा है, जिसे मैं नवरात्र के दौरान साझा करूंगा। नवरात्र 15 अक्टूबर से शुरू हो रहा है और गरबा एक गुजराती नृत्य है, जो



नौ दिनों के इस त्योहार के दौरान आमतौर पर किया जाता है। मोदी की ओर से यह पोस्ट ध्वनि भानुशाली के एक पोस्ट के जवाब में किया गया है, जिन्होंने एक्स पर संगीतमय प्रस्तुति को साझा किया है। भानुशाली ने पोस्ट में कहा, प्रिय नरेन्द्र मोदी जी, तनिष्क बागची और मुझे आपका लिखा गरबा पसंद आया और हम एक नए लय, संगीत और अंदाज के साथ एक गीत तैयार करना चाहते थे। जेजस्ट म्यूजिक ने इस गीत और वीडियो को तैयार करने में हमारी मदद की। मोदी ने एक अन्य पोस्ट में उत्तराखंड की अपनी हालिया यात्रा की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने कहा, यदि कोई मुझसे पूछे कि आपको उत्तराखंड में एक जगह अवश्य जाना चाहिए, तो वह कौन सी जगह होगी, तो मैं कहूंगा कि आपको राज्य के कुमाऊंक्षेत्र में पार्वती कुंड और जागेश्वर मंदिर की यात्रा करनी चाहिए। प्राकृतिक सुंदरता और दिव्यता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। प्रधानमंत्री ने कहा, बेशक, उत्तराखंड में घूमने योग्य कई प्रसिद्ध स्थान हैं और मैंने अक्सर ही राज्य का दौरा किया है। इसमें केदारनाथ और बद्रीनाथ शामिल हैं, जो सर्वाधिक यादगार अनुभव है। लेकिन, कई वर्षों के बाद फिर से पार्वती कुंड और जागेश्वर मंदिर जाना विशेष रहा।

### उत्तराखंड में पार्वती कुंड, जागेश्वर मंदिर अवश्य देखें

**देहरादून।** हाल मे उत्तराखंड के कुमाऊंदौरे से लौटे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आदि कैलाश एवं जागेश्वर धाम यात्रा उनके जीवन की ऐतिहासिकयात्राओ में शामिल हो गई है।यह बात प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा की। पार्वती कुंड एवं जागेश्वर धाम यात्रा से मंत्रमुग्ध मोदी ने एक्स पर लिखा, यदि कोई मुझसे पूछे- आपको उत्तराखंड मे एक जगह अवश्य देखनी चाहिए तो वह कौन सी जगह होगी, तो मै कहूंगा कि आपको राज्य के कुमाऊंक्षेत्र मे पार्वती कुंड और जागेश्वर मंदिर अवश्य देखने चाहिए। प्राकृतिक सुंदरता और दिव्यता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। अपने दूसरे पोस्ट मे प्रधानमंत्री ने लिखा, बेशक, उत्तराखंड मे घूमने लायक कई प्रसिद्ध जगहे है और मैने भी अक्सर उत्तराखंड का दौरा किया है। इसमे केदारनाथ और बदरीनाथ के पवित्र स्थान शामिल है जो सबसे यादगार अनुभव है। लेकिन, कई वर्षो के बाद पार्वती कुंड और जागेश्वर मंदिर मे लौटना विशेष रहा। प्रधानमंत्री के पोस्ट के जवाब मे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियो की ओर से उनका आभार प्रकट करते हुए लिखा, आदरणीय प्रधानमंत्री जी, आपके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन मे देवभूमि उत्तराखंड धार्मिक, आध्यात्मिक एवं साहसिक पर्यटन के क्षेत्र मे नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। आपकी दूरदृष्टि के अनुरूप रोड, रेल और रोपवे निर्माण के माध्यम से श्रद्धालुओं के आवागमन को सुविधाजनक बनाया जा रहा है।

# भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ेगा : प्रधानमंत्री

**भाषा**। मुंबई

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत 2036 ओलंपिक का आयोजन देश में करने के लिए अपने प्रयासों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा क्योंकि यह 140 करोड़ भारतीयों का सपना है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सत्र का उद्घाटन करते हुए कहा , मैं आपके सामने 140 करोड़ भारतीयों की भावना रखना चाहूंगा। भारत अपनी धरती पर 2036 के ओलंपिक का आयोजन के प्रयासों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा , यह 140 करोड़ भारतीयों का सपना है , उनकी आकांक्षा है। इस सपने को हम आपके सहयोग से पूरा करना चाहते हैं। इससे पहले भारत 2029 में होने वाले युवा ओलंपिक की मेजबानी का भी इच्छुक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा , मुझे विश्वास है कि भारत को आईओसी का निरंतर सहयोग मिलता रहेगा। भारत बड़े स्तर पर वैश्विक आयोजन की मेजबानी के लिए तैयार है। यह दुनिया ने जी20 की मेजबानी के दौरान देखा है। उन्होंने आगे कहा , अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का 141वां सत्र भारत में होना बहुत ही खास है। 40 साल बाद भारत में आईओसी का सत्र होना हमारे लिए बहुत गौरव की बात है। उन्होंने कहा , बीते वर्षों में भारत ने हर प्रकार के वैश्विक खेल टूर्नामेंट आयोजित करने के अपने सामर्थ्य को साबित किया है। हमने हाल ही में शतरंज ओलंपियाड का आयोजन किया जिसमें विश्व के 186 देश शामिल हुए। हमने महिला फुटबॉल अंडर 17 विश्व कप, पुरूष हॉकी विश्व कप, निशानेबाजी विश्व कप की भी मेजबानी की।

# पंजाब पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया

**भाषा**। चंडीगढ़

**केंद्रीय** एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान में पंजाब पुलिस ने सीमाई प्रदेश में संभावित आतंकवादी हमलों को नाकाम करते हुए आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया और इस सिलसिले में इसके दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों संदिग्धों के पास से दो परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी), दो हथगोले, एक पिस्तौल, दो मैगजीन, 24 कारतूस, एक टाइमर स्विच, आठ डेटोनेटर और चार बैटरियां बरामद की गई हैं। पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि इस आतंकी मॉड्यूल का संचालन फिरदौस अहमद भट कर रहा था, जो लश्कर का एक सक्रिय आतंकवादी है। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है उनकी पहचान उजैर उल हक तथा राज मोहम्मद अंदलीब के तौर पर की गई है दोनों जम्मू कश्मीर के रहने वाले हैं। प्रदेश पुलिस प्रमुख ने कहा कि खुफिया जानकारी के बाद अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली थी कि पंजाब सीमा का इस्तेमाल लश्कर द्वारा हथियारों और विस्फोटकों की एक बड़ी खेप की तस्करी के लिए किया जा रहा है और उनके दो सदस्यों द्वारा कैथू नंगल के इलाके में कैश बरामद करने की उम्मीद है।

# कर्नाटक में ठेकेदार के पास से 42करोड़ बरामद, भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोला

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने आयकर विभाग के तलाशी अभियान के दौरान कर्नाटक के एक ठेकेदार से कथित तौर पर 42 करोड़ रुपए नकद बरामद होने के बाद इसका संबंध कांग्रेस से होने का दावा करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में अंतर्निहित है। यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, हमें एक ठेकेदार अंबिकापति का नाम याद रखना चाहिए, जिन्होंने कांग्रेस की ओर से पिछले साल जुलाई-अगस्त में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कर्नाटक में पूर्ववर्ती भाजपा सरकार को 40 प्रतिशत कमीशन सरकार करार दिया था। चन्द्रशेखर ने कहा, अंबिकापति के घर से 42 करोड़ रुपए नकद बरामद किए गए हैं। भाजपा नेता ने दावा किया, कांग्रेस की ओर से काम कर रहे अंबिकापति और उनके ठेकेदारों के समूह ने राज्य में लोगों को गुमराह करते हुए भाजपा के खिलाफ भ्रष्टाचार की झूठी कहानी प्रचारित की थी। उन्होंने कहा कि यह अंबिकापति ही थे जिन्होंने पिछले साल जुलाई-अगस्त में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य विधानसभा चुनावों से पहले कर्नाटक की तत्कालीन भाजपा सरकार को 40 प्रतिशत कमीशन सरकार करार दिया था। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया, यह स्पष्ट है कि यह एक बड़ा नाटक था जो उन्होंने (कांग्रेस) रचा था और इसके पीछे एक ही उद्देश्य था - भ्रष्टाचार। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, कर्नाटक में मतदाता इस कहानी से गुमराह हो गए और कांग्रेस ने सत्ता हासिल कर ली। भाजपा नेता का आरोप आयकर विभाग द्वारा कर्नाटक के कुछ ठेकेदारों और उनसे जुड़े लोगों के खिलाफ कथित कर चोरी के मामले में शुरू किए गए तलाशी अभियान में शुक्रवार को बेंगलुरु में एक आवासीय परिसर में छिपाकर रखी गई 42 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी बरामद करने के एक दिन बाद आया है। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले तलाशी से कर्नाटक की सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गई। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया, कांग्रेस फर्जी गारंटी, झूठ और भ्रष्टाचार में विश्वास करती है। भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में अंतर्निहित है।

### एयर इंडिया ने तेल अवीव के लिए निर्धारित उड़ानों को 18 तक निलंबित किया

**नई दिल्ली।** इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के बीच एयर इंडिया ने तेल अवीव से आने-जाने वाली अपनी निर्धारित उड़ानो को 18 अक्टूबर तक निलंबित कर दिया है। एयरलाइंस आम तौर पर तेल अवीव के लिए पांच साप्ताहिक निर्धारित उड़ानें संचालित करती है। उसने इससे पहले 14 अक्टूबर तक सेवाओ को निलंबित किया था। एयर इंडिया के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि तेल अवीव से आने-जाने वाली निर्धारित उड़ाने अब 18 अक्टूबर तक निलंबित कर दी गई है। अधिकारी ने कहा कि एयरलाइंस जरूरत के अनुसार भारतीयो को वापस लाने के लिए विशेष उड़ाने संचालित करेगी।

### उपवास में लाभदायक होता है बादाम

**मुंबई।** बादाम तेजी से स्वाद को बढ़ाती हैं और हर तरह की खाने.पीने की चीजों के साथ बहुत अच्छे तरीके से मिल जाती हैं। आयुर्वेद, यूनानी और सिद्धा के कई अभिलेखों में बादाम से सेहत को मिलने वाले कई सारे फायदों पर रोशनी डाली गई है। रोजाना बादाम खाने से दिल की सेहत को सुधारने और वजन तथा टाइप-2 डायबिटीज को नियंत्रित रखने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा, बादाम विटामिन बी2ए विटामिन ई मैग्नीशियम और फॉस्फोरस से प्रचुर होती हैं। नवरात्रि भारत के सबसे बहुप्रतीक्षित त्योहारों में से एक हैए क्योंकि यह नृत्य, समर्पण और चटकीले रंगों का मेल है। इस आनंददायक जश्न के बीच उपवास रखने की एक खास परंपरा होती है। और इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि सेलीब्रेशन्स के साथ मीठा खाने की हमारी इच्छा भी प्रबल हो जाती है। लेकिन मीठे की इस ललक से प्रेरित होकर अस्वास्थ्यकर मिठाईयों को खाने से बचना चाहिये।

### राजौरी में नियंत्रण रेखा पर अग्निवीर की खुद को मारी गई गोली से मौतः सेना

**जम्मू।** सेना ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक अग्निवीर की खुद को मारी गई गोली से मौत हो गई। सेना में हाल में शामिल हुए अग्निवीर अमृतपाल सिंह 11 अक्टूबर को एक अग्रिम चौकी पर मृत पाए गए थे। उनके शरीर पर गोली का जख्म था। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कमान ने एक्स पर लिखा, एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना मे, अग्निवीर अमृतपाल सिंह की राजौरी सेक्टर में संतरी ड्यूटी के दौरान खुद को मारी गई गोली से मौत हो गई।

# हमास का समर्थन कर रहे लोग हैं आतंकवाद के हिमायती : हिमंत

**भाषा**। मिर्ज़ापुर (उप्र)

**असम के** मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि इजराइल के खिलाफ युद्ध में जो लोग फलस्तीनी संगठन हमास का समर्थन कर रहे हैं वे दरअसल आतंकवाद की हिमायत कर रहे हैं। शर्मा ने विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी के दर्शन के बाद संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल पर कहा,किसी को भी हमास का समर्थन नहीं करना चाहिए" उन्होंने कहा"हमास का समर्थन करना आतंकवाद का समर्थन करना है। जो लोग उसके समर्थन में जुलूस निकालने के लिए खड़े हैं उनके साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए। शर्मा इससे पहले अष्टभुजा गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने उनका स्वागत किया।



विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी के दर्शन करते आसमा के सीएम

### अजमेर दरगाह के खादिमों के संगठन ने फलस्तीन के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए प्रार्थना सभा की

**जयपुर।** अजमेर दरगाह के खादिमों के संगठन ने फलस्तीन के लोगों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की। अंजुमन सैयद जादगान के सचिव सरवर चिश्ती ने बताया कि दरगाह परिसर में फलस्तीन में खून खराबा रोकें शीर्षक से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें फलस्तीन के लोगों के लिए दुआ की गई। उन्होंने कहा कि भारत सरकार से कोई मांग नहीं की गई। चिश्ती ने अजमेर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, फलस्तीन के लोगों पर अत्याचार पिछले 75 वर्षों से जारी है। महात्मा गांधी ने एक बार कहा था कि फलस्तीन फलस्तीनी लोगों का है। पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेई का यह रुख रहा है कि फलस्तीन अरब के लोगों का है और हमारा भी यही मानना है। उन्होंने कहा कि फलस्तीन के लोगों को शांति के साथ रहने की अनुमति दी जानी चाहिए और अत्याचार बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा, दुनिया के मुसलमानों का फलस्तीन से संबंध है। फलस्तीन के लोग अपनी जमीन की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं और उन्हें आजादी मिलनी चाहिए। खादिम दरगाह के मौलवी होते हैं। अजमेर में सूफी संत मोइनुद्दीन चिश्ती की विश्व प्रसिद्ध दरगाह का प्रबंधन दरगाह ख्वाजा साहब अधिनियम, 1955 द्वारा शासित होता है। दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख ज़ैनुल आबेदीन अली खान ने बृहस्पतिवार को एक बयान जारी कर संयुक्त राष्ट्र और भारत सरकार से हमास द्वारा इजराइल में हमलों के बाद संघर्ष को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था। उन्होंने क्षेत्र में जानमाल के नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि यह अनुचित है और इस्लाम और यहूदी धर्म दोनों के सिद्धांतों के खिलाफ है।

# नीले रंग में रंगा नरेंद्र मोदी स्टेडियम, जश्न में पूरा देश

- एक लाख दर्शकों के बीच पाकिस्तान के पांच पत्रकार भी पहुंचे
- भावनात्मक उत्साह व देशभक्ति का जोश भरा

**भाषा** । अहमदाबाद



भारत पाकिस्तान के बीच यहां के नरेंद्र मोदी मैदान पर खेले जा रहे मैच के दौरान सिर्फ स्टेडियम ही नहीं बल्कि पूरा शहर प्रशंसकों के नीले रंग की जर्सी से रंगा दिखा। स्टेडियम को ओर जाते समय बस ने जैसे ही यहां के उस्मानपुरा इलाके को पार किया, एक लोकप्रिय शीतल-पेय ब्रांड के इलेक्ट्रॉनिक साइन बोर्ड ने नायब तरीके से तापमान की घोषणा करते हुए लिखा अहमदाबाद शहर 35 डिग्री, मोटेरा, 37 डिग्री सेल्सियस। मैच दोपहर दो बजे शुरू हुआ लेकिन दिन के 11 बजे ही ऐसा लग रहा था कि शहर की सारी सड़कें नरेंद्र मोदी स्टेडियम की ओर जा रही है। स्टेडियम जाने वाले रास्ते में वाहनों के दबाव से यातायात काफी धीमा हो गया था। मैच शुरू होने से पहले स्टेडियम से बाहर स्थानीय लोगों से ज्यादा संख्या दूसरे शहर या प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) की थी। बैंकॉक से बेंगलुरु, सिंगापुर से सूरत और डेट्रॉयट से दिल्ली तक प्रशंसक शुक्रवार रात को ही शहर में पहुंचने लगे थे। अहमदाबाद रविवार रात से शुरू होने वाले नवरात्रि के जश्न में डूब जाएगा लेकिन इस मुकाबले ने एक दिन पहले ही लोगों में भावनात्मक उत्साह और देशभक्ति का जोश भर दिया। मैच से पहले शंकर महादेवन, सुनिधि चौहान, अरिजीत सिंह ने वंदे मातरम गाया जिससे माहौल जोशमय हो गया। महादेवन ने भव्य मोटेरा में जब सुनो गौर से दुनियावालों गाना शुरू किया तब आधे से ज्यादा भरा स्टेडियम भी उनके साथ सुर में सुर में मिलाने लगा। लोगों का जोश उस वक्त चरम पर पहुंच गया जब सचिन तेंदुलकर विश्व कप ट्रॉफी के साथ मैदान आए। बेंगलुरु के एक सर्जन दीपक शिवरात्रि मैच का लुत्फ उठाने के लिए आईटी उद्योग के अपने दो दोस्तों के साथ यहां पहुंचे है। उन्हें शहर के होटल में कमरे के लिए बड़ी रकम चुकानी पड़ी। ऑनलाइन टिकट मिलने की कोई संभावना नहीं थी। किसी ने मुझ से सोशल मीडिया पर संपर्क किया और हमने 25,000 रुपए में तीन टिकट खरीदे। इन टिकटों की असल कीमत हालांकि 2000 रुपए थी। हम किसी भी कीमत पर मैच देखना चाहते थे। सूरत के तीन युवाओं ने कहा कि उन्हें मुफ्त में टिकट मिला क्योंकि वे एक ऐसे व्यक्ति को जानते थे जो राजनीतिक रूप से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। हमें अपने संपर्क के कारण मुफ्त में टिकट मिल गया, लेकिन पिछले दो दिनों के दौरान टिकट की कीमतों में काफी गिरावट आई है। हर कोई एक टिकट के लिए 25,000, 30,000 रुपए खर्च नहीं कर सकता है। कोई भी सिर्फ एक टिकट नहीं खरीदेगा। यहां बहुत सारे लोग है जो मोल भाव कर रहे है लेकिन टिकट नहीं खरीद रहे है। भारत पाकिस्तान मैच के दौरान यहां होटल, रेस्टोरेंट और विमानन कंपनियों को काफी मुनाफा हो रहा है। होटल और विमान के टिकटों के दाम आसमान छू रहे है तो वही रेस्टोरेंट लोगों से भरे रह रहे है। सके अलावा यहां दो अन्य उद्योग भी अच्छी कमाई करते दिखे। इसमें एक है टिकटों की कालाबाजारी और दूसरा है भारतीय टीम की नकली जर्सी। भारतीय टीम की असली जर्सी की कीमत मध्यमवर्गीय परिवार के लिए काफी अधिक है ऐसे में स्टेडियम से बाहर 200 से एक हजार रूपए में आसानी से मिल रही थी। टीम की जर्सी की कीमत खरीदने वालों के मोल भाव पर भी निर्भर था। इन सब के बीच पाकिस्तान के पांच पत्रकार भी समय पर यहां पहुंचने में सफल रहे।

## स्कोरबोर्ड

**पाकिस्तान** : शफीक पगबाधा बो सिराज 20,हक का राहुल बो पंड्या 36,आजम बो सिराज 50, रिजवान बो बुमराह 49,शकील पगबाधा बो कुलदीप 6,अहमद बो कुलदीप 4, खान बो बुमराह 2, नवाज का बुमराह बो पंड्या 4,अली का गिल बो जडेजा 12,शाह अफरीदी नाबाद 2,रऊफ पगबाधा बो जडेजा 2,**अतिरिक्त** : चार रन ,**कुल योग** : 42.5 ओवर मे 191 रन, **विकेट पतन** :1-41 , 2-73 , 3-155 , 4-162 , 5-166 , 6-168 , 7-171, 8-187 , 9-187 ,**गेंदबाजी** : बुमराह 7-1-19-2,सिराज 8-0-50-2,पंड्या 6-0-34-2, कुलदीप-10-035-2, जडेजा 9.50-38-2, ठाकुर 2-0-12-0

**भारत** : रोहित का इफ्तिखार बो अफरीदी 86,गिल का शादाब बो अफरीदी 16, कोहली का नवाज बो हसन अली 16,अय्यर नाबाद 53, केएल राहुल नाबाद 19, **अतिरिक्त** : दो रन , कुल योग : 30 . 3 ओवर मे तीन विकेट पर 192 रन, **विकेट पतन** : 1-23, 2 -79, 3-156, **गेंदबाजी** : अफरीदी 6-0-36-2,अली 6-0-34-1, नवाज 8.3-0-47-0, रऊफ 6-0-43-0, शादाब 4-0-31-0

## मै पिछली कुछ पारियों से सउद शकील के खेल पर नजर रख रहा था: कुलदीप



**अहमदाबाद।** पाकिस्तान के बल्लेबाज सउद शकील को अपनी फिरकी मे फंसाने वाले भारतीय गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा कि वह मध्यक्रम के इस वामहस्त बल्लेबाज की शैली पर पिछले कुछ दिनो से नजर रखे हुए थे। चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के मैच मे कुलदीप ने शकील को लेग स्पिन से चकमा देकर पगबाधा किया। स्वीप शॉट खेलने मे माहिर शकील कुलदीप को पढ़ने मे नाकाम रहे। मैदानी अंपायर ने भारतीय खिलाड़ियों की अपील पर दिलचस्पी नही दिखाई लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने रिव्यू लेने मे देरी नही की। तीसरे अंपायर ने टेलीविजन रीप्ले देखने के बाद शकील को आउट करार दिया। कुलदीप ने भारतीय पारी के बाद प्रसारकों से कहा, मै पिछले कुछ मैचों से सउद शकील को देख रहा हूं और वह काफी स्वीप करने की कोशिश कर रहा था। उसने सोचा कि गेंद धीमी आएगी लेकिन वह स्किड हो गई। कुलदीप ने इस विकेट के चार गेंद बाद इफ्तिखार अहमद को रॉन्ग वन पर बोल्ड किया जिससे पाकिस्तान का स्कोर दो विकेट पर 155 रन से पांच विकेट पर 166 रन हो गया। ,

## जीसीए प्रतिनिधि बन टिकट के नाम पर 2.68 लाख का धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

अहमदाबाद। गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) का प्रतिनिधि बनकर भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को यहां खेले गए विश्व कप मैच के 41 टिकट के नाम पर 2.68 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप मे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी स्थानीय पुलिस अधिकारी ने दी। आनंदनगर पुलिस स्टेशन के निरीक्षक (इंस्पेक्टर) वीएम देसाई ने कहा कि शिकायतकर्ता मसारी कंदोरिया फेसबुक के जरिए 22-23 सितंबर के बीच जय शाह नामक व्यक्ति के संपर्क मे आया। शाह ने जीसीए प्रतिनिधि होने का दावा करते हुए भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए टिकट देने का वादा किया। कंदोरिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताए गए मोबाइल नंबर पर शाह से संपर्क किया और दोस्तो और रिश्तेदारों के लिए 41 टिकट मांगे, जिसके लिए उन्होने आरोपी को 2.68 लाख रुपए ट्रांसफर किए। शिकायतकर्ता और उसके दोस्तो ने शाह को 15 टिकटों के पहले सेट के लिए 90,000 रुपए का भुगतान किया, फिर अन्य पांच टिकटों के लिए 30,000 रुपए का भुगतान किया। उन्होने टिकटों की संख्या बढ़ने के बाद शाह और और रकम का भुगतान किया। इसके बाद कंदोरिया को कोई टिकट नही मिला। शाह को धोखाधड़ी और अन्य अपराध मे भारतीय दंड संहिता की धाराओ के तहत शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले अहमदाबाद पुलिस ने जाली टिकट बेचने के आरोप मे चार लोगो को गिरफ्तार किया था।

## श्रीलंका के कप्तान शनाका चोटिल, विश्व कप से बाहर

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका चोटिल होने के कारण मौजूदा एकदिवसीय विश्व कप से बाहर हो गए है और टीम मे उनकी जगह हरफनमौला चमिका करुणारत्ने को शामिल किया गया है। शनाका दाहिनी जांघ की मांसपेशियो मे चोट के कारण शनिवार को को विश्व कप से बाहर हो गए। बत्तीस साल के शनाका के चोटिल होने से मौजूदा विश्व कप मे अब तक लचर प्रदर्शन करने वाले श्रीलंका की मुश्किलें बढ़ गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की विज्ञप्ति के मुताबिक शनाका को 10 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी। उन्हे ठीक होने मे कम से कम तीन सप्ताह लगेंगे, जिससे टीम को उनके विकल्प की तलाश करनी होगी। आईसीसी की तकनीकी समिति ने 32 साल के शनाका की जगह करुणारत्ने को टीम मे शामिल करने की मंजूरी दे दी है।श्रीलंका टूर्नामेंट मे अपने शुरुआती दो मैच दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान से हार चुका है।



विश्वकप ट्राफी के साथ सचिन

## सीएसके के सेंटनेर, कॉनवे ने चेपॉक की पिच के बारे में जानकारी दी: डेरिल मिशेल

**चेन्नई।** बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच मे शानदार प्रदर्शन कर के टीम की जीत मे अहम भूमिका निभाने वाले न्यूजीलैंड के हरफनमौला डेरिल मिशेल ने कहा कि चेपॉक मैदान की पिच के बारे मे अंदरूनी जानकारी देने के लिए मिशेल सेंटनेर और डेवोन कॉनवे को भी श्रेय मिलना चाहिए। सेंटनेर और कॉनवे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए खेलते है।न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को बांग्लादेश को आठ विकेट से हरा कर टूर्नामेंट मे तीन मैचो मे तीसरी जीत दर्ज की।इस मैदान पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच के दौरान पिच से स्पिनरो को काफी मदद मिली थी लेकिन न्यूजीलैंड बनाम बांग्लादेश मैच मे पिच से उछाल मिलने के कारण तेज गेंदबाजो को ज्यादा मदद मिली।मिशेल ने मैच के बाद कहा, हर पिच अलग होती है और उसकी अपनी चुनौतियां होती हैं और यह कम समय मे परिस्थितियो से तालमेल बिठाने और मैच के छोटे-छोटे पल जीतने की कोशिश करते रहने के बारे में है। जिस तरह से हमारे गेंदबाजो ने पिच के मुताबिक खुद को ढाला और प्रतिद्वंद्वी के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश करते रहे, वह शानदार रहा। हम बल्ले के साथ भी इसी तरह की स्थिति मे थे।

## सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ खुद को आंकने के मौके से रोमांचित हैं , कहा बांग्लादेश के सहायक कोच ने

**चेन्नई।** बांग्लादेश के सहायक कोच निक पोथास ने भारत को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम करार देते हुए कहा कि विश्व कप में मेजबान के खिलाफ उनकी टीम को खुद को आंकने का मौका मिलेगा। बांग्लादेश शुरूआती तीन में से दो मैच हार चुका है। अब उसे बृहस्पतिवार को पुणे मे भारत के खिलाफ खेलना है। पोथास ने न्यूजीलैंड से मिली हार के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , कहां से शुरूआत करूं। वे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है और अपने देश मे खेल रहे है। सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खुद को आंकने का मौका मिलने से हम रोमांचित है।

## शंकर और प्रिशा को फेनेस्टा ओपन का खिताब

**नई दिल्ली।** मणिपुर के शंकर हेइसनाम और महाराष्ट्र की प्रिशा शिंदे ने शनिवार को यहां उलटफेर करते हुए 28वी फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्ग के खिताब जीते। सोलहवी वरीयता प्राप्त शंकर ने तमिलनाडु के सातवी वरीयता प्राप्त थिरुमुरुगन वी को सीधे सेटों मे 6-1, 6-2 से हराकर लड़कों के अंडर-16 वर्ग मे एकल खिताब जीता। प्रिशा ने छठी वरीयता प्राप्त आनंदिता उपाध्याय को 6-1, 6-2 से हराकर बालिका एकल अंडर-14 का खिताब अपने नाम किया। तेलंगाना की रिशिता बासिरेड्डी ने एक रोमांचक मुकाबले में दिल्ली की आइशी बिष्ट को 6-4, 6-3 से हराकर लड़कियों का एकल अंडर-16 खिताब जीता। लड़कों का एकल अंडर-14 का खिताब तेलंगाना के शीर्ष वरीयता प्राप्त हृतिक कटकम ने जीता। फाइनल में कर्नाटक के प्रकाश सर्नन को 6-4, 6-3 से हराया।

## भारत ने मेजबानी के लिए अभी औपचारिक बोली नहीं लगाई है: सुमरिवाला

**मुंबई।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने शनिवार को यहां कहा कि भारत ने अभी तक 2027 में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए औपचारिक बोली नही लगाई है और इस पर फैसला करने के लिए महासंघ को कुछ और दिनो की जरूरत पड़ेगी।विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन हाल मे हंगरी के बुडापेस्ट मे किया गया था जबकि 2025 मे यह प्रतियोगिता जापान मे आयोजित की जाएगी। भारत इसके दो साल बाद होने वाली प्रतियोगिता की मेजबानी करने का इच्छुक है।सुमरिवाला ने एएफआई और विश्व एथलेटिक्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम से इतर पीटीआई से कहा, हमने अभी तक औपचारिक बोली नही लगाई है।

## भारत की सब जूनियर हॉकी टीमों की नीदरलैंड में अच्छी शुरुआत

**नई दिल्ली।** भारत की पुरुष और महिला सब जूनियर (अंडर-17) हॉकी टीमो ने नीदरलैंड मे सीनियर ईडीई टीमो के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने पहले अंतरराष्ट्रीय दौरे की सकारात्मक शुरुआत की। महिला टीम ने सीनियर ईडीई टीम को 3-2 से हराया, जबकि पुरुष टीम ने अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को 8-0 से करारी शिकस्त दी। महिलाओ के मैच मे भारतीय टीम शुरू मे पिछड़ गई थी लेकिन रवीना, करुणा मिंज और भाव्या के गोल से उसने शानदार वापसी की। पुरुषो के मैच मे भारतीय टीम ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। भारत की तरफ से आशु मौर्य ने पहला गोल किया। उसके बाद अजीत यादव ने हैट्रिक बनाई जबकि रोहित इरेंगबाम सिंह ने दो गोल तथा सृजन यादव और राहुल राजभर ने एक एक गोल किया।

## स्टोक्स चोट से उबर रहे है लेकिन मैच फिट होना जरूरी: रूट

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि टीम के दिग्गज हरफनमौला बेन स्टोक्स चोट से उबर रहे है लेकिन रविवार को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच मे उनका खेलना संदिग्ध है। स्टोक्स बाएं कूल्हे की तकलीफ से उबर रहे है। वह इस चोट के कारण न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड के पहले दो मैचो से बाहर रहे है। टीम के सामने रविवार को यहां के अरुण जेटली स्टेडियम मे अफगानिस्तान की चुनौती होगी। रूट ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन मे कहा, बेन्सी (स्टोक्स) दिन-ब-दिन बेहतर हो रहा है।

# गेंदबाजों ने हमें मैच जिताया : रोहित

**भाषा** । अहमदाबाद



**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा ने विश्व कप में पाकिस्तान पर सात विकेट से मिली जीत का अपने गेंदबाजों को श्रेय देते हुए कहा कि पाकिस्तान को 191 रन पर आउट करके उन्होंने जीत का मार्ग प्रशस्त किया। पाकिस्तान को 191 रन पर आउट करने के बाद भारत ने 30 . 3 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रोहित ने मैच के बाद कहा , गेंदबाजों ने हमारे लिए जीत की नींव रखी। उन्हें 190 रन पर आउट करना बड़ी बात थी। यह पिच 190 की नहीं थी और एक समय लग रहा था कि वे 280 या 290 रन बनाएंगे। लेकिन हमारे पास छह गेंदबाज ऐसे हैं जो मैच जिताने का माद्दा रखते हैं। शतक से 14 रन से चूके रोहित ने कहा , हर दिन हर किसी का दिन नहीं हो सकता। बतौर कप्तान मेरा काम अहम था। टीम में सभी को अपनी भूमिका पता है और यह बहुत अच्छी बात है। विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की यह आठवीं जीत थी। रोहित ने हालांकि अतीत को तूल नहीं देते हुए कहा , विश्व कप में उतरने से पहले हम अतीत के बारे में नहीं सोचना चाहते। हमें पता था कि हमें क्या करना है। बल्लेबाजों को मौका मिला और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। गेंदबाजों ने भी अपने काम को बखूबी अंजाम दिया। उन्होंने कहा , हम इस जीत से अति उत्साहित नहीं होना चाहते। यह लंबा टूर्नामेंट हे। नौ लीग मैच, फिर सेमीफाइनल और फाइनल। हमें संतुलन बनाए रखकर आगे बढना होगा। कोई भी टीम किसी को भी हरा सकती है। हमें मैच के दिन अच्छा खेलना है।अतीत और भविष्य मायने नहीं रखते। चिन तेंदुलकर से लेकर वीरेंद्र सहवाग तक क्रिकेट जगत ने आईसीसी विश्व कप में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर शनिवार को यहां मिली बड़ी जीत के बाद भारतीय टीम की सराहना की।भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर एकदिवसीय विश्व कप में इस चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 8 . 0 कर लिया। इस जीत के बाद मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर की चुटकी ली।

## पिच को जल्दी परखने से हुआ फायदा: बुमराह


**अहमदाबाद।** पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप मैच मे शनिवार को यहां भारत को सात विकेट की बड़ी जीत दिलाने मे अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि टीम के गेंदबाज पिच के साथ जल्दी तालमेल बनाने मे सफल रहे। मैन ऑफ द मैच जसप्रीत बुमराह ने प्रसारकों से कहा, अच्छा लग रहा है। आपको जितना जल्दी संभव हो विकेट को परखना होता है। हमें जल्दी पता चल गया था कि इस विकेट पर ज्यादा गति नही है। ऐसे मे हम बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बनाना चाहते थे। युवा क्रिकेटर के तौर पर अपने सीनियर खिलाड़ियों से काफी सवाल पूछते थे जिसने खेल को लेकर उनकी समझ बेहतर हुई। जब मै युवा था जब सीनियर खिलाड़ियों से पिच और परिस्थितियों के बारे में बहुत सवाल पूछता था। कई बार वे चिढ़ भी जाते थे लेकिन इससे मुझे अपनी समझ को बढ़ाने मे काफी मदद मिली। मै विकेट को परख कर गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं। बुमराह ने रिजवान को धीमी गति की गेंद पर बोल्ड करने के बाद रिवर्स स्विंग पर शादाब खान को आउट किया। बुमराह की इस रिवर्स स्विंग गेंद ने कॉमेंट्री बॉक्स मे बैठे इस कला के माहिर पूर्व दिग्गज वकार यूनिस को भी चौका दिया क्योंकि अब एकदिवसीय मैचो मे दो नई गेंद का इस्तेमाल होता है।

## विलियमसन के अंगूठे में फ्रैक्चर, विश्व कप के अगले तीन मैचों से बाहर

चेन्नई। लंबे समय बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने वाले केन विलियमसन के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया है और वह के विश्व कप में न्यूजीलैंड के अगले तीन मैचों में नहीं खेल पाएंगे, जिनमें भारत के खिलाफ होने वाला मैच भी शामिल है। विलियमसन शुक्रवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान रन लेते समय चोटिल हो गए थे। मार्च में इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान घुटना चोटिल होने के बाद विलियमसन का यह पहला अंतरराष्ट्रीय मैच था। वह 78 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। लेकिन लगता है कि भाग्य विलियमसन का साथ नहीं दे रहा है क्योंकि वह 18 अक्टूबर को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच के अलावा 22 अक्टूबर को भारत के खिलाफ धर्मशाला और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 28 अक्टूबर को पुणे में होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। अगर वह अंगूठे की चोट से उबर जाते हैं तो नवंबर में होने वाले लीग चरण के अंतिम तीन मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# अफगानिस्तान के खिलाफ अपने नेट रन रेट में सुधार करने उतरेगा इंग्लैंड

**भाषा** । नई दिल्ली



**पहले मैच में** शर्मनाक हार के बाद अपने अभियान को वापस पटरी पर लाने वाला गत चैंपियन इंग्लैंड रविवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले विश्व कप मैच में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर बड़ी जीत दर्ज करके नेट रन रेट में सुधार करने की कोशिश करेगा।इंग्लैंड की इस टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही थी तथा उसे पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड से 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम ने हालांकि मंगलवार को धर्मशाला में बांग्लादेश को 137 रन से हराकर अच्छी वापसी की। न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी नहीं बल्कि गेंदबाजी चिंता का विषय रही थी। तब डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र के सामने उसके गेंदबाज क्रिस वोक्स, मार्क वुड, सैम करेन, मोइन अली और आदिल राशिद सामान्य नजर आए। लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ अगले मैच में इंग्लैंड ने प्रत्एक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी टीम की मजबूती का पुख्ता नमूना पेश किया। पारी की शुरुआत करते हुए डेविड मलान ने 107 गेंद पर 140 रन बनाए जबकि जो रूट और जॉनी बेयरस्टो ने भी उपयोगी योगदान दिया। इंग्लैंड की टीम अरुण जेटली स्टेडियम की सपाट पिच पर बड़ा स्कोर खड़ा करने के लिए अपने सलामी बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की उम्मीद करेगी। यह अपेक्षाकृत छोटा स्टेडियम है और यहां अभी तक जितने भी मैच खेले गए है, उनमें बड़ा स्कोर बना है। कप्तान बटलर के अलावा हैरी ब्रूक और लियाम लिविंगस्टोन भी मध्यक्रम में उपयोगी योगदान देने के लिए बेताब होंगे।

## सिंधू सेमीफाइनल में वांग से हारी



**भाषा** । वांता (फिनलैंड)

आर्कटिक ओपन

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू का इस साल खिताबी सूखा खत्म करने का सपना आर्कटिक ओपन में भी पूरा नहीं हुआ। आठवीं वरीयता यह खिलाड़ी शनिवार को यहां चीन की पांचवी वरीय वांग से 12-21, 21-11, 07-21 से हार गई। शुरुआती गेम 12-21 से गंवाने के बाद सिंधू ने 21-11 के स्कोर के साथ शानदार वापसी की लेकिन तीसरे गेम में चीन की खिलाड़ी की चुनाती से पार नहीं पा सकी। सिंधू ने इस साल बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के किसी टूर्नामेंट में चौथी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। वह इससे पहले स्पेन मास्टर्स (फाइनलिस्ट), मलेशिया मास्टर्स और कनाडा ओपन में अंतिम चार में पहुंची थीं।

## खेलों से बच्चे सीखेंगे स्वच्छता का ज्ञान

बेंगलुरू। लाइफबॉय ने 15 अक्टूबर को मनाए जाने वाले ग्लोबल हैंडवाशिंग डे (जीएचडी) को देखते हुए एच फॉर हैंडवाशिंग गेम्स को लॉन्च करने के लिये हुई है। इन अभिनव खेलों के लिये लाइफबॉय के बिहेवियर चेंज मॉडल से मार्गदर्शन मिला है और यह भारत के बच्चों को शामिल तथा शिक्षित करने के लिये हैं, जिसके लिये खेल के मजे को हाथों की स्वच्छता के आवश्यक अभ्यास से जोड़ा जाएगा। दुनियाभर के हालिया ट्रेंड्ज़ ने दिखाया है कि कोविड के बाद से साबुन से हाथ धोने में बड़ी कमी आई है। इस कमी के मुख्य कारणों में से एक रहा है स्वच्छता को लेकर महामारी से पैदा हुई थकावट। 'एच फॉर हैंडवाशिंग गेम्स' इस थकावट को लाइफबॉय का सीधा जवाब है, जिसका लक्ष्य खेलों की बदलाव लाने वाली ताकत का इस्तेमाल करते हुए बच्चों के बीच हाथों की स्वच्छता की सेहतमंद आदत फिर से डालना है। मधुसूदन राव, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर- दक्षिण एशिया (ब्यूटी एण्ड पर्सनल केयर), हिन्दुस्तान यूनिलीवर, ने कहा, एच फॉर हैण्डवाशिंग गेम्स' में हमारे ब्राण्ड का उद्देश्य एवं प्रतिबद्धता साफ झलकती है कि हाइजीन की उन अच्छी आदतों के लिये प्रेरित किया जाए और बढ़ावा दिया जाए, जो जीवनभर साथ रहें। भारत के पुराने बोर्डगेम्स को जो नयापन दिया गया है, सफाई में होने वाली थकावट (हाइजीन फटिग) के मुद्दे को वह रचनात्मक तरीके से सम्बोधित करता है और हाथ धोने की प्रक्रिया को मजेदार, रोमांचक तथा रोजाना के खेल का हिस्सा बनाता है। हमें विश्वास है कि यह खेल सीखने के लिये सबसे प्रभावी साधनों में से एक, यानि खेल की मदद से बच्चों के बीच हाथ धोने की प्रासंगिकता को दोबारा मजबूत करेंगे। एच फॉर हैण्डवाशिंग गेम्स'' कलेक्शन चार चहेते बोर्ड गेम्स लेकर आया है- जर्म्स एण्ड लैडर्स'', हैंडवाशिंग लूडो'', सोप-टैक-टो'' और लूज़ द जर्म्?''- जिन्हें भारतीय बच्चों के लिये स्थानीय आधार पर रिक्रि येट किया गया है।

## मास्टरस्ट्रोक के जरिए बढ़ाया क्रिकेट का उत्साह

मुंबई। रजनीगंधा ने एक आकर्षक कैम्पेन रजनीगंधामास्टरस्ट्रोक लॉन्च किया है। इसमें कला तथा क्रिकेट को प्रमुखता दी गई है। यह कैम्पेन आधिकारिक मास्टरस्ट्रोक.रजनीगंधा.कॉम पोर्टल पर उपलब्ध है, रजनीगंधा मास्टरस्ट्रोक एक कैम्पेन से कहीं बढ़कर है। यह एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य कला को सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध कराते हुए क्रिकेट का उत्सव मनाना है। यह पहल फैन्स को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की शक्ति को हासिल करते हुए भारतीय क्रिकेट टीम के प्रति अपने अटूट विश्वास को जाहिर करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह कैम्पेन तकनीक, सोशल मीडिया, खेल के प्रति प्यार और रचनात्मकता को जोड़ता है। इस कैम्पेन की शुरूआत एक आकर्षक मास्टरस्ट्रोक प्रोमो के साथ हुई है। यह पूरी तरह से जीत का जश्न मनाने और क्रिकेट के उत्साह को बढ़ाने के लिए है। इस कैंपेन का लक्ष्य रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करते हुए, रजनीगंधा की सोच को क्रिकेट की भावना के साथ जोड़ना है। फैन्स को जेनरेटिव एआई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए अनूठे रूप में अपना सपोर्ट दर्शाने के लिए फैन्स को आमंत्रित करता है।

# करन के खेल से एसडब्लूएस स्टार्स चैंपियन




- सिंधी प्रीमियर लीग

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच करन-नाबाद 37 रन 3 विकेट के ऑलराउंड प्रदर्शन से अदा एसडब्लूएस स्टार्स ने सिंधी प्रीमियर लीग नेशनल लेवल का खिताब एसएसडी ट्रेडर्स यूपी 65 को 51 रन से हराकर जीता। समापन समारोह में मुख्य अतिथि शिव शांति संत आसुदाराम आश्रम के शहजादा सांई मोहन लाल साहिब ने पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने विजेता अदा एसडब्लूएस स्टार्स को विजेता ट्रॉफी व 51 हजार रुपए का नगद पुरस्कार और उपविजेता एसएसडी ट्रेडर्स यूपी 65 को उपविजेता ट्रॉफी और 31 हजार रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समापन समारोह की अध्यक्षता सिंधी कॉउंसिल ऑफ इंडिया यूथ विंग के राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र खत्री ने की। सिंधी कॉउंसिल ऑफइंडिया यूथ विंग उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विवेक लधानी ने प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों का आभार जताया। पुरुष वर्ग के फाइनल में अदा एसडब्लूएस स्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 2 विकेट पर 93 रन बनाए। करन नाबाद 37 रन,और अमित 25 रन ने पारी की शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। प्रवेश ने 27 रन का योगदान किया। जवाब में एसएसडी ट्रेडर्स यूपी 65 की टीम 7.3 ओवर में 42 रन ही बना सकी। टीम से निखिल 14 ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। अदा एसडब्लूएस स्टार्स से करन ने तीन विकेट हासिल किए। विशेष पुरस्कारों में प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट व सर्वश्रेष्ठ बैटर एसएसडी ट्रेडर्स यूपी 65 के देवेश चुने गए। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार शीतल इंफ्रा पिच बर्नर के प्रशांत को मिला।



राजकीय जुबिली इंटर कालेज ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जिम्नास्टि का आयोजन किया। इसमें शांतनु, साक्षी, आयुष,नीति, विक्रम व कृष्ण ने अपने वर्गो में अव्वल स्थान लिया। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन आरएसओ अजय कुतार सेठी ने किया। इस अवसर पर डीआईओएस जंयशंकर, जुबिली के प्रधानाचार्य धीरेन्द्र मिश्र , पीटीआई पूजा गुप्ता समेत कई अध्यापक मौजूद रहे।

## बेल्जियम, फ्रांस और पुर्तगाल ने यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

**पेरिस।** काइलियन एमबापे और क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो-दो गोल दागे, जिससे फ्रांस और पुर्तगाल ने क्वालीफाइंग में अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखते हुए अगले साल होने वाली यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में अपनी जगह सुरक्षित की।

इन दोनों के अलावा बेल्जियम भी जर्मनी में होने वाली प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। यूरोप की इन तीनों शीर्ष टीमों को क्वालीफाई करने के लिए जीत की जरूरत थी और उनके स्ट्राइकरों ने शानदार प्रदर्शन करके उनकी जीत सुनिश्चित की।एमबापे के दो गोल की मदद से एम्सटर्डम में खेले गए मैच में फ्रांस ने नीदरलैंड को 2-। से हराया। यह फ्रांस की लगातार छठी जीत थी। एमबापे ने सातवें मिनट में ही पहला गोल दाग दिया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।
पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।